# दिव्य आदेश

(भाग चार)

## रामचन्द्र

श्री रामचन्द्र मिशन

शाहजहाँपुर, उ०प्र० (भारत)

# दिव्य आदेश

## (भाग चार)

इरशादात हज़रत क़िब्ला पीर
दस्तगीर श्रीमान रामचन्द्र जी
साहब फ़तहगढ़ी, ज़िला फ़र्रुख़ाबाद
मन इब्तदाई 3 जनवरी 1945 ई०
लग़ायत 31 मार्च, 1945 ई०

प्रथम संस्करण - २०००, ११०० प्रतियाँ

©श्री रामचन्द्र मिशन

मूल्यः रू० 90/-

प्रकाशक :
श्री रामचन्द्र मिशन,
प्रकाशन विभाग
शाहजहाँपुर, उ०प्र० (भारत)

**मुद्रक** :खन्ना आर्ट प्रिन्टर्स,
WZ-190, शादीखामपुर,
वेस्ट पटेल नगर,
नई दिल्ली - 110 008.

# प्रस्तावना

हमारे लिए एक सौभाग्य की बात है कि हमें एक महान हस्ती के कुछ संदेशों को एक पुस्तक के रूप में आप सब के सामने प्रस्तुत करने का शुभ अवसर मिला, जिन्हें हमने ***दिव्य आदेश*** नामक पुस्तक के रूप में प्रस्तुत किया है। इसमें दिव्य संदेश, जो हमारे पूज्य बाबूजी को एक आदेश के रूप में मिले थे, अगर हम पढ़कर अपनी बुद्धी पर जरा भी जोर डालें, तो हमें पता चलेगा कि हमारे पूज्य बाबूजी महाराज कितनी महान हस्ती हैं और किन किन महान शक्तियों की प्रेरणा से उन्होंने सहज मार्ग की स्थापना की और मानव समाज के उद्धार के लिये जीवन पर्यान्त कार्यरत रहें। और अब भी कार्यरत हैं। बाबूजी हमेशा कहते थे कि एक Special Personality का जन्म हो चुका है और उसके माध्यम से आध्यात्मिक दुनियाँ की भावी अवरचना होगी। यहाँ तक कि उनके संदेशों में महाप्रलय तक का वर्णन है। यह संदेश कोई साधारण संदेश नहीं हैं यह आगे आने वाली पीढ़ियों के लिये अनौखे संदेश होंगे। हम सब का मनुष्य जीवन में आने का क्या उद्देश्य है इस पर अवश्य विचार करना चाहिये और इसी जीवन में जीवन के उद्देश्य को प्राप्त कर के मानव जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिये। इस संसार में आकर मनुष्य अनेक कष्टों को झेलते हुए अनेक जीवन बिता जाता है। और जीवन-मृत्यु के काल चक्र में फँस कर अपने संस्कारों को भोगता रहता है। इस काल-चक्र से किस प्रकार छुटकारा पाया जा सकता है। इस के लिये उन्होंने ***सहज मार्ग*** की स्थापना की है। इस मार्ग की सहायता से मनुष्य इस जन्म में जीवन मृत्यु के चक्र से छुटकारा पा सकता है। अर्थात मोक्ष प्राप्त कर सकता है। मोक्ष प्राप्त करने के लिये मनुष्य को सहज मार्ग के नियमों पर चलकर मनुष्य जीवन सार्थक बनाने के लिये सहज मार्ग एक अचूक साधन है। आध्यात्मिक मार्ग पर चलने के लिये भक्ति (Devotion) विश्वास (faith) और आत्म समर्पण (Surrender) का महत्वपूर्ण स्थान है। विश्वास एक ऐसी शक्ति है जो हर मनुष्य की विचार धारा (thinking) को बदल सकती है और आध्यात्मिकता के उचित मार्ग पर चलने के लिये विवश कर सकती है।

प्रस्तुत पुस्तक दिव्य आदेश उन संदेशों (Messages) पर आधारित है जो हमारे पूज्य बाबूजी को Direct Super Conscious state में दिये गये और उन्होंने अपने हाथों से डायरी में लिखें, जो कि कई भाषाओं में लिखे हुये हैं। उनका रूपान्तरण एक अच्छे अभ्यासी श्री मदन मोहन गुप्ता जी के प्रयासों से किया गया । उनके कठिन

प्रयासों की सहायता से यह पुस्तक इस शुभ अवसर पर प्रस्तुत करने में समर्थ हुए हैं। इसके साथ ही कम्प्यूटर तथा अन्य प्रकार की सहायता श्रीमति अमिता कुमारी, श्री सुनीत कुमार, श्री पुनीत कुमार और श्री गुरु प्रसाद के पारिश्रमिक सहयोग से संभव हुआ है। प्रस्तुत पुस्तक के रू-ब-रू original script के तर्जुमें को सामने रक्खा गया है। इसमें किसी प्रकार का विचार परिवर्तन और न ही उनके शब्दों में परिवर्तन (change) किया गया है।

प्रस्तुत पुस्तक में बाबूजी महाराज के बेंगलूर, मैसूर, हैदराबाद, बम्बई, सूरत, द्वारिका, मथुरा आदि स्थानों की यात्रा का वर्णन है। उन्होंने जो कार्य वहाँ किये उनका वर्णन है। यह टूर करीब एक माह 15 दिन का था। और कई स्थानों का हजारों वर्षो का कार्य कुछ क्षणों में किया उसका भी वर्णन है। इस पुस्तक में श्री लालाजी महाराज, स्वमी विवेकानन्द जी, श्री कृष्ण जी, राधा जी, श्री गुरु नानक देव, श्री चैतन्य महाप्रभु तथा अनेक ऋषि के, बाबूजी महाराज के अध्यक्ष पद का तथा अनेक शक्तियों का वर्णन है। तथा आध्यात्मिकता क्या है? शांति क्या है? आदि का वर्णन किया गया।

आधुनिक युग में कोई भी प्राणी बिना आध्यात्मिक सहायता के दिन प्रति दिन के जीवन को उचित रूप से चलाने में असमर्थ है। अब जो युग आने वाला है वह आने वाली कठिनाईयों का प्रतीक है। इससे यह ज्ञात होता है कि आने वाले युग में हर मनुष्य को कठिनाईयों का सामना करना पडेगा। इन कठिनाईयों को सहन करने में आध्यात्मिकता का महत्वपूर्ण योगदान होगा।

अन्त में हम यही कहेंगे कि हर इन्सान को किसी न किसी रूप में ईश्वर से लगाव रखना चाहिये। सहज मार्ग ही एक ऐसा पथ है जो , सद्गुरु बाबूजी महाराज के आशिर्वाद से, आपको शान्ति पथ पर अग्रसर कर सकता है।

यह दिव्य आदेश, १२ volumes में आपके सामने प्रस्तुत होंगे और कोशिश यह होगी कि यह १२ volumes ६ साल में हम आप के सामने प्रस्तुत कर सकें। यही हमारा प्रयत्न होगा।

*उमेश चन्द्र*
*अध्यक्ष, श्री रामचन्द्र मिशन*
*शाहजहाँपुर ।*

# दिव्य आदेश - भाग - 4

## 3-1-45 Bangalore

**हज़रत क़िब्ला :** मैं ने तुम को इस जगह एक रोज़ क़याम करने का यूं हुक्म दिया कि तुम बहुत थक गये थे। आगे सफ़र के क़ाबिल नहीं थे, वरना मेरी राय नहीं थी। तुम्हारा काम अब तक बराबर क़ाबिले-तारीफ़ रहा है।

**SV (Swami Vivekanand ji)** = You have made the field for others to work on. Nobody could have done so. It is you and only you fit for this duty. I am glad to have you. Start for Mysore tonight. When you go back to Shahjahanpur, prepare some graduates to work in Mysore. You have correctly arrived at the result that there is a vast field in Mysore. You will find a number of people in Hyderabad, too. But it will require time to mould their destiny to this godly duty and it is you who will prepare them for the same. Prepare field for others. Your one duty is common everywhere, i.e., destruction of Brahmans. Going back with the Lord.

## 4-1-45 Mysore

**S.V.** = See a few of the prominent persons of the city if you like. I don't compel you. As it was your desire, so I allow you. Select good ones to work in the field. Education is necessary. Very big personality is to be born from you. Days are nearer.

## 7-1-45 Mysore

**हज़रत क़िब्ला** - तुम Hāsan जा रहे हो, बिलूर के मन्दिर को पुरअसर कर देना। तुम्हारा काम बहुत अच्छा रहा है। मैसूर अच्छा मुनव्वर हुआ। कल कूच कर दो।

**S.V.**= Your work has been extra-ordinary, rather exemplary. You have made field for others to traverse on. This work ought to be written with gold letters. Human wisdom fails here. Now comes the turn of Northern India. When you reach home, proceed to Delhi.

Hyderabad Deccan 10.1.45 को पहुंचा

## 11-1-45

**हज़रत क़िब्ला** = आज बवक्त 11 ½ बजे रात के एक ताक़त क़ुदरत की तरफ़ से तुम को काम करने के लिये अता हुई है। वो मैं

ने इस वक़्त मुन्तक़िल कर दी। यह ताक़त नबियों को दी जाती है। किसी भगत को आज तक अता नहीं की गई।

## 14-1-45

**S.V.** = Congratulations! Your work has been excellent throughout. You have filled the air with rebellion and Nizam's dominion will end. It is bound to take place. Don't be disheartened. Your generation will reap the fruit of your labour carried on so far, and you will ever and after be remembered till the world exists. You have illuminated every part of the country in Southern India. Now comes the turn of Northern India for which you must proceed to Delhi, after completing the present tour of Southern India. Don't be afraid of time. It comes on sooner or later. By later I mean after your death, and the effect will last ever and after till the time collapses by Will of God Almighty. Your existence is the golden opportunity for the country and the world. **You will absorb at large every religon of the world, and issue forth a new one** which you are apt to do. Proceed on to Ajanta as you desire to see it and then to Bombay and Dwarka. Lord Krishna will be waiting for you in Dwarka to give you some sacred work.

## 19-1-45

Manmand से बम्बई मुनव्वर करने का हुक्म हुआ।

## 21-1-45

**सूरत** स्टेशन निकल जाने के बाद गुजरात को मुनव्वर करने का हुक्म हुआ।

## 23-1-45

**श्री कृष्ण जी**= द्वारका को मुनव्वर कर दो। यह वो जगह है जहाँ मेरा क़याम रहा है। यह वही सरज़मीन है। कुछ हिस्सा उस का समन्दर की नज़्र हो चुका है और यह मेरा ही हुक्म था। Okha Fort जाओ। उस हिस्से को मुनव्वर कर दो। और अगर न जा सको तो यहीं से मुनव्वर करना। जाना हर हाल में अच्छा है। यहाँ के लोग ख़ुदगर्ज़ बहुत हैं। मुहब्बत में कमी है। और क़रीब-क़रीब हर जगह कमोबेश यही हाल है। माया के दाम में हर शख़्स गिरफ़्तार नज़र आता है।

**हज़रत क़िब्ला**= तुम यहाँ का काम ख़त्म कर के घर चले जाओ। मथुरा एक या दो यौम ठहर सकते हो। अपने घर में अभी शाहजहाँपुर न ले जाना (बीवी को); भण्डारे तक मुमानियत है। अगर ख़ुद आजावें तो कोई बात नहीं। मगर बवजूहात चन्द दर चन्द अभी मुनासिब नहीं समझता। Okha जाना तुम्हारा ज़रूरी है।

**S. Vivekanandji** = You have done wonders.

## 24-1-45 Dwarka

**हज़रत क़िब्ला** = मन्दिर काफ़ी रोशन हो चुका। अब बस्ती पर रुजुअ हो जाओ।

**S.V.** = We don't want Brahmanical Supremacy over India. They must be extinguished altogether. Sooner the better.

## 26-1-45

**S.V.** = There is no necessity of staying here anymore. Start.

## 27-1-45

(R.C.) द्वारका से रवाना हुआ। स्टेशन पहुंचने से पहले हुक्म हुआ कि जनूबी हिन्द जो क़तई मुनव्वर किया गया है, एक साथ ले लो।

## 28-1-45 मक़ाम मेहसाना

**राजपूताना** के मुसलमान और ब्रह्मण के डिस्ट्रक्शन का हुक्म मिला।

## 29-1-45

आज मथुरा पहुंचा।

## 31-1-45 मथुरा

**श्री कृष्ण जी**: तुम ने सफ़र में वो कारनुमायाँ किये हैं, जिनके देखने के लिये आँख चाहिये। कुल जनूबी हिन्द मुनव्वर हो चुका है। द्वारका भी अभी मुनव्वर हुई। अब अपना रुख़ हिन्दुस्तान के शुमाली हिस्से में फेर दो। जिस की शुरुआत देहली से होगी। ज़माना बदल रहा है और तेज़ी से बदलना चाहता है। जितनी तुम्हारी कोशिश में कमी है, उतनी ज़माना बदलने में देर है। यह काम कुलियतन् क़ुदरत ने तुम्हारे सुपुर्द किया है। अपने गुरु के हस्बे-हिदायत काम करते चलो। शुमाली हिन्द मुनव्वर कर के कुल हिन्दुस्तान एक साथ लेना। उस के बाद और काम मिलेगा। जिस का इशारा तुम्हारे पास आ चुका है। मैं तुम्हारे काम से बहुत ख़ुश रहा।

**S.V.** = Look here; these are the words of **Lord Krishna**. You should stick to work and work alone.

## 2nd February, 1945 SPN (Shahjahanpur)

**हज़रत क़िब्ला** - मैं बड़ा ख़ुश हूँगा अगर तुम लोग उस काम को कर सको जिस को मैं न कर सका। Organization हर रुहानी संस्था के लिये ज़रूरी है। मेरे वक्त में सब लोगों के ख़याल मुझ में focus किये हुये थे। तालीम वो किसी से पाते मगर मेरा लिहाज़ व ख़याल था। यह ही तरीक़ा अगर शुरु किया जाये कि लोगों के ख़याल की धारें किसी एक शख़्स से मिल जावें जिस को वो बड़ा समझते हों या जिस को ईशर (ईश्वर) ने बड़ा बनाया हो। यह भी हो सकता है कि

ख़ास हस्तियों में से जो अभी हाल में बनाई गई हैं और जिन को मैं अपना समझता हूँ, अपने-अपने मुतल्लिक़ लोगों को अपनी तरफ़ खींच लें और फिर उनका connection जिस को वो बड़ा समझते हों, क़ायम कर दें। इसके कहने से मेरा यह मतलब नहीं है कि अपने मुरीदैन या जो लोग उन से वाबिस्ता हैं, उन से पीछा छुड़ा कर किसी ख़ास शख़्स के ऊपर ज़िम्मेदारी डाल दी जाये। बल्कि मतलब यह है कि यह ख़याल उन पर जमा दिया जाये कि जो हमारे गुरु महाराज का सज्जादा नशीन है, उस के ज़रिये से एहकाम सादर होते हैं और उन की पाबन्दी करना फ़र्ज़ है यानी उस को मेरा नुमायन्दा समझ लिया जावे।

Organization करने वालों को सब से पहले यह अमल होना चाहिये कि वो अपने आप को ऐसा बना लें जैसा कि दूसरों को बनाना चाहते हैं। जैसे किसी शख़्स में मिठाई खाने की आदत है और वो दूसरों की मिठाई छुड़ाना चाहता है तो उस को लाज़िम है कि पहले ख़ुद छोड़ दे। तब दूसरों को तरग़ीब दे। मेरा यही अमल ज़िन्दगी भर रहा है कि जो बात दूसरों से कराना चाही, पहले ख़ुद अमल किया। इस बात को मद्देनज़र रख के तुम लोग organization की तरफ़ क़दम बढ़ाओ। एक बात याद रखने के क़ाबिल है कि अगर सिखाने वाले में कोई नुक़्स ज़ाहिरन् या बातनन् मौजूद रहा तो वो नुक़्स बहुत आगे तक जायेगा। और उस शख़्स में यह नुक़्स बहुत जल्द पैवस्त हो जायेगा जो अपने गुरु का शग़ले-राब्ता करता है। यह ही वजह है कि शग़ले-राब्ता हमेशा उस शख़्स का करना चाहिये जिस की तबियत एत्दाल पर आचुकी हो। और बहुत कुछ ऐबों से जो रुहानियत में माना हों या इख़लाक़ी हालत से गिरे हुये हों, बरी हो चुका हो। मैं समझता हूँ

कि हर शख़्स को जो तालीम करता है, शग़्ले-राब्ता बताना भी नहीं चाहिये। जब तक कि सिखाने वाला ख़ुद उस हालत पर न पहुंच चुका हो। इसलिये हर तालीम कुनन्दा को चाहिये कि वो अपने आप को ऐसा बना ले कि जिस का शग़्ले-राब्ता उसके मुरीद कर सकें।

## 4-2-45

**हज़रत क़िब्ला** - मैं फ़तेहगढ़ से आ रहा हूँ। बुढ़िया भी लालच में फंस गई। Toleration की अब इन्तिहा हो गई। **स्वामी विवेकानन्द** जी को बुला लो।

**S.V.** = All the elements that come in the way of progress must be annihilated. Look here, the field before you is a very large one, but it has been made narrow by the elements we don't desire. From today, my backing will be in your work. I think it to be my work and my duty. Your Guru has given me the charge of his work today. He will be the guiding power over us. The dictates you will receive direct from me regarding this work. You will guide your subordinates just a I tell you. Negative ideas should be forgotten altogether. I find a great difficulty in guessing your brethren of high positions they enjoy. You should make them alright first, then put to work. Ficklemindedness is the poison for the way to success. I want the firm minded persons with strong will for the work.

**हज़रत क़िब्ला** = मैं ने **स्वामी विवेकानन्द** जी को इस काम का चार्ज दे दिया है। अब जो मुनासिब होगा, वो करेंगे। तुम सब को उन के हुक्म की पाबन्दी करनी होगी। अगर उन के हुक्म से ज़रा भी हट गये तो मेरा इताब (अताब) नाज़िल होगा। मैं बाबू मदन मोहन लाल से ज़ाहिरन् किसी हद तक नाख़ुश हूँ। वो अपनी पिछली हालत और आदत पर आजाते हैं। कितने अफ़सोस का मुक़ाम है कि इस बड़े पैमाने का आदमी दूसरों को अपनी तरफ़ राग़िब न कर सके। मैं ने इस के मुतल्लिक़ अज़ीज़ राम चन्द्र से कहा था। उसने अदबन् और बलिहाज़ बुजुर्गी, यह बात उन से न कही। अब मुझ को कहना पड़ी। मैं सख़्ती की शुरुआत सब से पहले अपनों से करूंगा। उन्होंने अपने आप को इस क़दर ढीला छोड़ दिया कि हर हवा उन्हें तजावज़ कर जाती है। परेशानियाँ इस दारे-फ़ानी में रहते हुये किसी को कम नहीं होतीं। सूरत बदलती रहती है। किसी को एक तरह की तो दूसरे को दूसरी तरह की। क्या मैं परेशानियों से बरी था? इस के होते हुये मैं ने कौन सा फ़र्ज़ अपना पूरा नहीं किया। ऐसे ज़बरदस्त आदमी को कितना ही साफ़ क्यों न किया जाये, उस की will जिस बात की आदी हो रही है, उस को ख़ुद घसीट लेगी। पस लाज़िम है कि अपनी will को काम में लावें और इन ख़यालात को जगह न दें। और वक्त के मुताबिक़ अपने आप को बनाएं। पुरानी चालें अब ख़त्म हो रही हैं। उन को बहुत से काम करना हैं। मगर अफ़सोस उन की तबियत उस तरफ़ रुजूअ नहीं होती। और न वो ऐसे साज़ोसामान बनाते हैं कि कामयाबी की सूरत जल्द नज़र पड़े।

एक सहल उसूल मैं उन को बताता हूँ कि जिस को रोज़ाना और बिलानाग़ा वक़्त-मोइना पर किया करें। और वो प्रार्थना है। अपने ऐबों को जो ख़्याली सूरत में उन को नज़र पड़ें, ख़ुदा के सामने रख दें और उन से सुबकदोश होने की प्रार्थना करें और साथ ही साथ अभ्यास भी करते चलें। क्या चन्दन में जो एक ठण्डी चीज़ है, आग पैदा नहीं हो सकती। क्या सूखी लकड़ी तपाने से सीधी नहीं हो सकती। उन को अपने आप को इस तरह का बनाना चाहिये कि दूसरों को उन की तरफ़ खिंचने की रग़बत पैदा हो। बाक़ी इस मामले में वो जो कुछ consult करना चाहें मुझ से हर वक़्त कर सकते हैं। मैं जवाब दूँगा। मुझे ख़ौफ़ है यह ज़हर उन के मुरीदैन में न फैल जाये। इसलिये ख़ास तौर पर मैं हिदायत करता हूँ। सिर्फ़ रुहानियत काम नहीं देती, और उस के परखने वाले भी बहुत कम हैं। आम तौर पर लोग ज़ाहिर से बातिन का पता लगाते हैं। गुफ़्तगू में कशिश, लोच और नरमी होना चाहिये। और यह बात मैं सब से कहता हूँ। अगर किसी शख़्स की रुहानियत में कमी नहीं है, और ज़ाहिरा उस का दुरस्त नहीं है, तो मैं उस को मुकम्मिल नहीं कह सकता। अपना काम बना लेना और बात है, और यह दूसरी बात है। मैं ऐसे शख़्स को जो अपना काम बनाले और दूसरों को बनाने के क़ाबिल अपने आप को न बनाये, ख़ुदगर्ज़ कहने केलिये तैयार हूँ। यह अल्फ़ाज़, मुमकिन है कि सख़्त हों, मगर इन्हीं में मिठास है। अगर कारबन्द हो जाये। यह तहरीर जो मैं ने बाबू मदन मोहन लाल के लिये लिखाई है, अपने पास भी नोट कर लें और उस को अक्सर और बेश्तर पढ़ा करें ताकि उनको ख़याल बना रहे।

# मुख्तसरन् हालात दौरा दक्खन देश

**हज़रत क़िब्ला** - अज़ीज़ रामचन्द्र का दौरा जनूबी हिन्द में तक़रीबन् डेढ़ माह तक रहा। उस ने वो कारनुमायां किये हैं जिन के देखने के लिये आँख चाहिये। जितने एहकाम उस को दिये गये थे, सब तकमील पर पहुंचा दिये। और एक ख़ास ख़ूबी इस के काम में यह थी और यह इस के दिमाग़ की तारीफ़ थी कि जगह-ब-जगह उस ने ऐसे बन्द लगा दिये कि उस के किये हुये काम को कोई ख़राब न कर सके। और एक बात क़ाबिले तारीफ़ यह थी कि उस सरज़मीं के गज़ों नीचे तक मुनव्वर कर दिया। इस के काम का तरीक़ा बेहतरीन था। स्टेशन और सरज़मीन आने से पहले, उसने, जितनी कि ख़राबियां ज़मीन में जागुज़ीन हो चुकी थीं, पहले खींच लीं। और लुत्फ़ यह था कि उस ख़राबी को भी ख़िला में रहने नहीं दिया। ख़राबियाँ जो उभार कर निकालीं, उनको भी शुद्ध कर दिया, ताकि यह ज़हर कहीं और न हलाहल बन जावे। एक जगह इस ने थोड़ी सी शरारत ज़रूर की और वो **द्वारका** में आकर; कि उन का असर निकाल कर बजाये शुद्ध करने के, मग़रबी इलाक़े में भेज दिया। कहने के लिये मैं ने इस के इस काम को शरारत से मन्सूब किया है, मगर वाक़ई तौर पर उस वक्त मेरी भी यह ही मरज़ी थी। मन्दिरों में ऐसा असर भरा है कि सौ बरस तक उन में ताक़त भरने की ज़रूरत नहीं रही। और बाज़-बाज़ सड़कों और गलियों को (में) जहाँ कि यह चला है, इस क़दर असर भर दिया है कि मराक़बा करने की जगह बन गई। बाज़-बाज़ शहर ऐसे मुनव्वर किये हैं कि हर दरोदीवार में उस का असर मौजूद है।

एक बात क़ाबिले-तहसीन यह की है कि वहाँ के कुल atmosphere के ज़र्रात को रोशन कर दिया है और ऐसी रोक कर दी है कि उन ज़र्रात को कोई ख़राब न कर सके। अक्सर ऐसा ही हुवा है, बल्कि ज़्यादातर कि शहर के शहर, मतलब लोगों से है, जुमला रुहानी स्टेजेज (stages) से पार हो जाते। मगर यह मेरी मन्शी नहीं थी। इसलिये कि कुदरत का काम रुक जाता और difference या तफ़ावत जो क़ुदरत की जान है, जाती रहती।

Ceylon का काम जो उस ने एक मिनट में किया है, वो कोई हज़ार बरस में नहीं कर सकता। और जिस पर लुत्फ़ यह कि यह हर वक्त डरता रहता था कि ऐसा न हो कि मैं किसी ड्युटी के अन्जाम देने में क़ासिर रह जाऊँ। इतना ज़बरदस्त काम करते हुये भी इस को यह यक़ीन न होता था कि न जाने यह काम ख़त्म हो गया। वजह यह थी कि इसने अपने आप को इस क़दर Negative बना दिया है कि Positive की हद तक इस का ख़याल touch नहीं होता। यह मेरी ही ख़ासा है। यह मिसाल दुनियाँ में नहीं मिलेगी। और मैं समझता हूँ, आगे मुद्दतों तक न मिले। इस अस्ना में Cape Comorin में जाकर एक ख़्वाहिश इस की ज़रूर पैदा हुई। और वो यह थी, कि किसी Rock को ऐसा Hypnotise कर दे कि जिस की मिसाल कभी पैदा ही न हुई हो। इसकी ख्वाहिश के मुताबिक़ **स्वामी विवेकानन्द** जी ने इस को इजाज़त भी दे दी थी और अपनी rock के क़रीब एक rock बतला दी थी मगर यह समझ कर इस ने इस काम को नहीं किया कि इस बात को कौन जानेगा। और इस rock को मेरे नाम से कोई मन्सूब क्यों करने लगा। एक लिहाज़ से यह अच्छा ही हुवा, इस लिये कि वहाँ

पर अगर ऐसा कर बैठता, जितना ज़बरदस्त कि इस का इरादा था तो वहाँ की गुज़रगाह बन्द हो जाती। और मुमकिन है कि क़िस्सों के मुताबिक़ वो हद्दे-सिकन्दरी* बन जाती।

आख़िर में इतना कहना चाहता हूँ कि इसने मेरा नाम ज़िन्दा कर दिया। और इसी की वुक़अत फ़ुक़रा की निगाह में कुछ और ही हो गई और मुमकिन है इस का रिकार्ड (Record) किसी दूसरी जगह आला फ़ुक़रा की संस्था में तैयार हो गया हो। हर बुज़ुर्ग इस के काम से ख़ुश रहा और **श्री कृष्ण जी** की निगाह अब इस पर इस काम के एवज़ कुछ और ही हो गई। सब से बड़े फ़र्क की बात यह है कि दौराने-ग़ैर हाज़री में इस के मकान पर **कृष्ण चक्र** घूमता रहा। और हिफ़ाज़त **श्री कृष्ण जी महाराज** ने अपने हाथ ही में रखी। लड़के का रेल की पटरी पर से हटा देना उन्हीं का काम था। (नोट : वाक़या स्टेशन ख़ुदागन्ज, ज़िला फ़र्रुख़ाबाद। बरख़ुरदार दिनेश चन्द्र रेल की पटरी पर बैठा। एक मर्तबा वहाँ से हटा दिया गया। दुबारा फिर बैठा, वहाँ से किसी लड़के ने हाथ पकड़ कर अलैहदा फेंक दिया। इतने ही में रेल गाड़ी आगई।) जिस वक्त **श्री कृष्ण जी** ने जाने की तारीख़ मुकर्रर की थी, उसी वक्त से हिफ़ाजत और निगरानी अपने हाथ में लेली थी और **कृष्ण चक्र** ग़ैर हाज़री पर भी गया। और यह दूसरी फ़रवरी तक, जब तक यह वापसी पर सो कर न उठा, यानी सुबह 9½ बजे तक, हिफ़ाज़त करता रहा। **रामेश्वरम** के बाद जो इस ने काम किये हैं, वो सब दर्द की हालत में किये हैं।

---

*Foot note: सौभाग्यशालीनता या बादशाहत की पराकाष्ठा (सीमा) बन जाती। व्यवस्था या प्रबन्ध की सीमा

## 5-2-45

**हज़रत क़िब्ला** : मैं ने **स्वामी विवेकानन्द** जी के साथ में अपने मैदान को ख़ास तौर पर बग़ौर देखा। उन में से बहुतों की शक्ल पके हुये फोड़े, जिस में कि पीप मौजूद हो, की गई है। बहुत से लोग सरापा मवाद बन गये हैं। और किसी हद तक मुझ से मुन्हरिफ़ हो गये हैं। इस के यह मानी नहीं कि मुझ को गुरु नहीं मानते बल्कि दूसरे का आसरा लेने लगे हैं। और उन का मवाद उन में भरने लगा है। कुछ लोग ऐसे भी हैं कि जो पीप की टीसन (यानी तपक) को जज़्ब समझ रहे हैं। यह मवाद इतना गहरा हो रहा है कि हर रगोरेशे में बुहोतों के सरायत कर चुका है। इस का खींचना मामूली इन्सान का काम नहीं रहा। और न इस वक्त में किसी शख़्स की ताक़त है कि इस को दूर कर सके। और न यह उस वक्त तक दूर हो सकता है जब तक कि लोग अज़ीज़ रामचन्द्र पर ईमान न लायें। बाज़ों का नर्वस सिस्टम इस क़दर ख़राब हो चुका है कि सिवाये धुवां के और माद्दी आग के कुछ नहीं रहा। इस हालत को अज़ीज़ राम चन्द्र ने मेरे हुक्म से किसी वक्त साफ़ कर दिया था मगर उन के ढ़ील डाल देने से जो मेरा ही हुक्म था, अब फिर उसी हालत पर आने लगे। और क़रीब-क़रीब आ गये। वजह ज़ाहिर है कि उन्होंने ऐसे शख़्सों का साथ नहीं छोड़ा जिन से उन को रुहानी नुक़्सान पहुंच रहा है।

बाबू मदन मोहन लाल से ख़िताब : अगर डाक्टरी उसूल के मुताबिक़ इस का तर्जुमा किया जाये तो उन लोगों में सड़न पैदा हो गई है। लूंई कोनी ने इस माद्दे फ़ासिद को सड़न कहा है। रुहानी ख़याल

से इस को दूसरे मायनों में सड़न कहता हूँ। अगर कोई रोशन दिल आदमी उन के (उन लोगों के) सामने बैठे तो उस को अकसर लोगों से बदबू आती मालूम होगी। अब इस का इलाज नश्तर है। मुमकिन है कुछ लोगों के क़सदन् खोलना पड़ें और कुछ लोग इस सिलसिले ही को छोड़ दें। सिलसिले से मतलब मेरा मौजूदा सिलसिले से है। वो सिलसिले तो टूट चुके हैं। यह हालत मैं ने तुम लोगों के गोश गुज़ार दी। यह सही तर्जुमा उन की हालत का है। जहाँ तक कि अल्फ़ाज़ मिल सके। कुछ लोग अच्छे भी हैं। मगर सिक्का ग़ैरों का उन में से बुहोतों पर जमा हुआ है।

## 6-2-45

**Swami Vivekanandji** = I have watched the situation myself and arrived at the result that the elements who (which) are at work in degenerating **must** be removed. The idea is prevalent among your brethren that the work of your Master is to be carried on smoothly by the souls, black as they are, who have no connection with your Guru - my Lord. This is exact translation of their ideas prevailing in them like jackals. They are howling like that. The will of God Almighty is moving towards the things we are avoiding for the time being. (I allow you to sit before me just as you sit before your Guru). There is slackness on the part of B. Madan Mohan Lal in doing the godly work. A man of such a standard or stage should avoid these things. His will has been weakened. Avoid it altogether. He should have undaunted courage and unshaking will. He

should know that there is no man in the world (B. Ram Chandra excepted) of such a high standard. He has not come for these things. Throw these to dogs and keep yourself aloof. My object is that he should lead a life like a Sanyasi in true sense. I call your Guru the incarnation of Love and He is really so. He (RC) has performed his duties wilfully. He constructed the whole of the programic duty given to him. He has illuminated the whole of Southern India in spite of his pain he was suffering in the way. He carried out all what was desired from him. He has beaten the world record. I am in praise of his godly wisdom, made so by his Guru. In short, no man exists in the present world who can compete him and his work. I will again say, this is all due to his worthy Master - my Lord. He will be ever and after remembered, I phrophesy among sages, particularly.

## 7-2-45

**श्री कृष्ण जी महाराजः** सफ़र की बाबत महात्मा राम चन्द्रजी (फ़तेहगढ़ी) बहुत कुछ कह चुके हैं, और (जो) कुछ कहा है लफ़्ज़-ब-लफ़्ज़ सही है। राम चन्द्र ने रूहानी दुनियाँ को हैरत में डाल दिया है। ऐसे क़ीमती आदमी की वहाँ (यानी आलमे-बाला में) भी ज़रूरत है। **दुनियाँ तबादला बहुत जल्द मांग रही है।** मलेक्षों **(मलेछों) से देश पाक होना चाहिये।** यह वहाँ पहुंच कर यह काम बहुत तेज़ी से कर सकेंगे। इस की तहरीक कई मर्तबा बराहे-रास्त ज़ात से हो चुकी है। मगर अब सवाल इतना बाक़ी रहता है कि जिस

बुज़ुर्ग हस्ती ने इस को बनाया है, उस का फल उसने नहीं चख पाया। वाक़ई यह उन्हीं की मेहनत का नतीजा है, कि आज हम यह शक्ल देख रहे हैं। इस की मिसाल दुनियाँ में नहीं है। इस बात को मद्दे नज़र रख के यह राय क़ायम की गई है कि अभी इस को (RC) और रखा जावे। इस की क़ुर्बत इन्तहाई ज़ात से हो चुकी है और इस ने बहुत गहरा सम्बन्ध क़ायम कर लिया है।

## 8-2-45 वक्त दोपहर

**हज़रत क़िब्ला** : अगर ख़ुदानाख़ास्ता, ईशर न करे कि ऐसा हो। अगर भण्डारे में नाकामयाबी हो तो मैं इजाज़त देता हूँ कि **कृष्ण चक्र** की पूरी ताक़त वहाँ पर खींच देना। कुछ परवाह नहीं, किसी का डेस्ट्रक्शन हो जाये। और तुम लोग (शाहजहाँपुर वाले) ऐसे करने के बाद ही सब के सब फ़ौरन वो मक़ाम छोड़ देना। एक हुक्म मैं तुम को और देता हूँ। जहाँ पर मौक़ा समझो, **श्री कृष्ण जी** को आवाहन कर लेना। मैं यक़ीन दिलाता हूँ कि तुम्हारी बात वो टाल नहीं सकते। मैं और **स्वामी विवेकानन्द** जी साहब अपनी पूरी ताक़त से वहाँ मौजूद होंगे। अगर तुम **श्री कृष्ण जी महाराज** से कोई बात रो कर कह दो तो तख़्ता उलट जावेगा। एक बात मैं तुम को और बतलाता हूँ कि तुम्हारी इतनी इन्तिहाई क़ुर्बत ज़ात में हो चुकी है कि वो भी गरदिश में आसकती है और प्रलय का सीन बरपा हो सकता है। इन ताक़तों की तुम्हें ख़बर नहीं। वजह ज़ाहिर है कि तुम ने अपने आप को मुझ में इस क़दर फ़ना कर दिया है कि इन बातों का एहसास नहीं होता। इसलिये मैं चाहता हूँ कि किसी मौक़े पर जब तक कोई ख़ास हुक्म न

हो, तुम्हारी तबियत तैश पर न आजावे और निज़ाम गड़बड़ हो जाये। और मैं ने तुम्हें बना भी ऐसा ही लिया है। मैं यह चाहता हूँ कि ज़रूरत से ज़्यादा तुम से कोई काम सरज़द न हो।

ख़िताब बाबू मदन मोहन लालः मैं ने इस को वो ताक़त दी है कि अगर यह तैश पर आ जावे, गो यह बात क़ानून-क़ुदरत के ख़िलाफ़ होगी, प्रलय कर सकता है। मगर यह बात उस से सरज़द कभी नहीं हो सकती तावक्ते कि ऐसा वक्त न आजावे क्योंकि इस की बाग डोर मेरे हाथ में है। अगर और किसी में ऐसी ताक़तें भर देता तो वो उफन पड़ता । इसी के लिये हुक्म क़ुदरत था और वैसा ही बनाया गया। ये ताक़तें किसी को दी नहीं जातीं, हत्ताकि सज्जादा नशीन भी इन से बेबहरा रखे जाते हैं। और सच तो यह है कि यह ताकतें बहुत से आला दरजे के गुरुओं में भी पाई नहीं जातीं। आग़ाज़े-आलम से अब तक यह ताकतें महफ़ूज़ रखी गई हैं। मैं अल्बत्ता इन का भण्डार बन गया था। इस क़िस्म की तन्द्रुस्ती (RC जैसी तन्द्रुस्ती) इन ताक़तों को बरदाश्त भी नहीं कर सकती थी, मगर यह मेरा ही ज़र्फ़ था कि मैं ने नामुमकिन को मुमकिन कर के दिखा दिया। और लुत्फ़ यह है कि इन ताक़तों के इस्तेमाल में तन्द्रुस्ती हारिज नहीं है। मेरी पहुंच मेरी ज़िन्दगी में ज़ात की इन्तिहाई हालत तक हो चुकी थी, और यहाँ तक मैं इन को मुन्तक़िल कर चुका था।

अब मैं बाबू मदन मोहन लाल का हाल मुख़्तसरन् कहता हूँ। अगर उन के चचा (मुराद नन्हें यानी रघुवर दयाल) हारिज न होते और तकलीफ़ाते ज़माना यह ख़ुशी से बरदाश्त कर जाते तो यह भी

बहुत कुछ पाने के हक़दार होते। मगर अब भी बाबू राम चन्द्र को छोड़ कर दुनियाँ में सानी नहीं रखते। एक बात जो कहीं पाई नहीं जाती, वो यह है कि इस शख़्स (MM) ने मुझ से मुहब्बत बेइन्तिहा की और इसी का नतीजा है कि आज मैं उन को अपनी खुली आँख से इस हालत पर देख रहा हूँ। यही ही (मुहब्बत) एक चीज़ है। मैं तुम दोनों (MM & RC) को नसीहत करता हूँ कि अपने मुरीदैन में यह (मुहब्बत) पैदा करें। यह ही सब कुछ है और इस से ही सब कुछ हो जाता है। इसके आगे अम्ल और शग़ल सब बेकार है।

अज़ीज़ रामचन्द्र ने कभी कोई मेहनत क़ायदे के अन्दर बैठ कर नहीं की। इस की मिसाल औरों को नहीं लेना चाहिये। यह ख़ास ज़र्फ़ है। और न इस तरफ़ लोगों की तवज्जह दिलाना चाहिंये। इस की (RC) मेहनत का औसत बीस-बाईस साल में औसतन् दो तीन मिनट का पड़ेगा। वो भी इस लिहाज़ से कर लेता था कि पाबन्दी हो जाये। मगर इस बात की दूसरों को मिसाल नहीं लेना चाहिये। आज की बातें मैं ने बड़े राज़ की बतलाई हैं। अज़ीज़ रामचन्द्र ने क़ुदरत को अपनी तरफ़ इस क़दर खींचा है कि अगर यह चाहे तो बराहे-रास्त हसब मन्शा हुक्म सादर कर सकता है। मगर इस की शराफ़त है कि मुझ को किसी वक्त नहीं छोड़ता और मैं भी नहीं छोड़ता। लाज़िम व मल्ज़ूम बन गये हैं। यह मिसाल नक़ल करने के क़ाबिल है।

बदरियफ़्त मदन मोहन लाल फ़रमाया - बाबू बृज मोहन लाल ने कुबरा से नीचे रुख़ कर दिया है। उस में ख़ुश्की दौड़ रही है। और तरी सुग़रा से भी हट रही है। तर्जुबा और अक़्ल से काम ले रहे हैं। कुबरा

का मैदान अभी कुलियतन् नहीं छोड़ा। उन के आलियान ने उन के दिमाग़ में बादशाही महक पैदा कर दी। महाराज जी और हुज़ूर बना दिया।

राजेन्द्र कुमार ने ख़याली कूद फांद का नाम रूहानियत रख लिया है। मगर वो लोच और नरमी कहां।

## 9-2-45

**हज़रत क़िब्ला** - बाबू मदन मोहन ने जो तवज्जह का असर बयान किया है, यह अज़ीज़ रामचन्द्र के वालिद माजिद की तवज्जह थी। क्या कोई शख़्स इस ज़माने में अज़ीज़ राम चन्द्र की हमसरी का दावा कर सकता है। हरग़िज नहीं। यह अज़ीज़ राम चन्द्र की तीन मिनट की तवज्जह का असर था जो उन्होंने अपने वालिद को दी थी। इस वक्त उन के वालिद में ख़ामोशी बहुत बढ़गई है। सुम-बकुम की हालत है। Power बेइन्तहा इस ने एक दम भर दी है। अब जब तक मैं दोबारा हुक्म न दूं, अपने वालिद को तवज्जह न देना। उस ने क़ुतुब और क़ुतुबुलअक्ताब की हालत से निकाल कर ग़ौसुल आज़म की हालत पर ठहरा दिया है।

**S.Vivekanandji Saheb** = I congratulate you. This is the first example you (RC) set before the world.

**हज़रत क़िब्ला** : बावजूदेकि अज़ीज़ रामचन्द्र (को) दर्द की इस क़दर तकलीफ़ है जिस को कि वो जानता है या मेरा दिल जानता है।

मगर काम में क़ासिर नहीं। यह बात नक़ल करने के क़ाबिल है। ख़ुदा सब को तौफ़ीक़ दे। आमीन। मैं ने अज़ीज़ रामचन्द्र को हुक्म दिया है कि वो बाबू मदन मोहन लाल के संस्कार भोगना शुरु कर दे। कुछ हिस्सा उस ने ले भी लिया है। इस की ज़रूरत इस लिये पड़ी कि इस के (RC) संस्कार बहुत ही थोड़े रह गये हैं। मैंने, जो इस ने बाबू मदन मोहन लाल के संस्कार हुकमन् भोगने के लिये, लिये हैं, उन में पावर देदी है ताकि भोग की शक्ल जल्द पैदा हो जावे। और उनको (मदन मोहन) भी यकगोना नजात मिले। उन्होंने ख़ांगी व दीगर मामलात की तकलीफ़ात बहुत उठाई हैं।

## 10-2-45

**हज़रत क़िब्ला** : मुझ को बाबू मदन मोहन लाल से बैहैसियत पीर के यकगोना मुहब्बत है। इलावा-अर्ज़ी वो मेरे काम में मददगार हुये हैं और आगे भी ऐसी ही उम्मीद है। और मेरी मुहब्बत भी जिस का ताल्लुक़ अज़ीज़ रामचन्द्र से भी है, मजबूर कर रही है कि मैं उन को संस्कारों से किसी हद तक relieve कर दूं। इस लिये मैं ने अज़ीज़ राम चन्द्र को हुक्म दिया है कि उन में (मदन मोहन) सिर्फ़ इतने ही संस्कार बाक़ी रखे जावें जो अपने दौरे ज़िन्दगी ख़त्म होने तक आसानी से भोग लें। बाक़ी सब उनके एवज़ ख़ुद भोगें। बाबू मदन मोहन लाल ! वाज़ा हो कि अगर मुझ को तुम से मुहब्बत न होती तो मैं अपने प्यारे रामचन्द्र को भोगने का, जिस के संस्कार मैं ने अपनी ज़िन्दगी में ख़ुद भोगे हैं, हुक्म न देता।

**सवाल हज़रत क़िब्ला:** ऐसी कौन से तरकीब है कि जो ख़राबियाँ हमारे सतसंग में पड़ीं, आयन्दा न पड़ें। बिरादर अज़ीज़ रामचन्द्र ने तरकीब अर्ज़ की। उस पर इरशाद हुआ कि ऐसा दिमाग़ सांचे में ढ़ला हुआ कभी पैदा ही न हुआ और आगे भी इस की उम्मीद कम पाई जाती हैं। लिहाज़ा बतरीक़ दोस्ताना या बहैसियत पीर जैसा चाहो समझ लो, मैं तुम सब लोगों को बलिहाज़ छोटाई और बड़ाई के नसीहत करता हूँ कि अज़ीज़ रामचन्द्र से फ़ायदा उठालें और जो गुत्थियाँ कि रुहानियत के रास्ते में लायनहल अभी तक बनी हुई थीं, सुलझा लें। यह वक़्त बार-बार नहीं मिलेगा। न ऐसी हस्ती फिर आने की उम्मीद है। इस मौक़े को ग़नीमत जानो। मैं यह भी तुम सब को यक़ीन दिलाता हूँ कि कुछ क़ुदरत और ज़ाते-बारी की इस में ख़ास मसलेहत है। और वो इन के ज़रिये से मददगार हो रही है। यह अल्फ़ाज़ मैं ज़ात की हैसियत से कहता हूँ। इस का दिमाग़ ईशरी (ईश्वरीय) दिमाग़ समझो। इस ने अपना कुछ नहीं रक्खा। यह ही वजह है कि मुश्किल से मुश्किल सवाल करते ही फ़ौरन जवाब आता है। सोचने में देर नहीं लगती। इस वक़्त मैं ने कितना मुश्किल और अहम सवाल इस के सामने रखा था। सवाल करते ही जवाब तैयार हो गया और सोने में सुहागा यह कि उस की तरकीब बेहतरीन तरीक़े में इस के ख़याल में आगई जो सवाल की मन्शा नहीं थी। मगर उस के साथ यह बात लाज़मी थी।

**तरीक़ा:** जब किसी शख़्स को तवज्जह में बिठा ले तो पहले ज़्यादातर उस के दिल को साफ़ करे। उस के बाद जुम्ला मुक़ामात

थोड़े-थोड़े इस हद तक साफ़ कर दे कि माद्दी ख़राबी जो अमल के मानेअ हो रही हों, दूर हो जावें। मेरी मन्शा इस हद तक सफ़ाई का नहीं है कि उस के कुल मुक़ामात खुल जावें। बल्कि रास्ते की गर्दोग़ुबार साफ़ हो जावे। उस के बाद मामूल के दिमाग़ की एक हल्की धार दिल की तरफ़ मब्ज़ूल करें और दिमाग़ की वो धार जो दिल पर नाज़िल की गई है उस का connection किसी हद तक साफ़ कर के (उसके) कारण शरीर से कर दे। अब सिखाने वाला जो बात कि मामूल में पैवस्त किया चाहता है, वो कारण में बीज रूप में रख दे। और उस की cavities को गहरा कर दे। कारण से कार्य बनता है और जो बातें बीज रूप में उस में मौजूद होती हैं, वो ही भोग की शक्ल में उतरती हैं। मगर यह मुझे फिर कहना पड़ता है कि मामूली शख़्स का यह काम भी नहीं है।

**इस का काट:** अगर कोई शख़्स बेहयाई से या अपनी तमाअ-नफ़सानी की वजह से या अपने आप को पुजवाने की ग़रज़ से यह तरीक़ा कर बैठे और इस को (यानी तरीक़ा मज़कूरा बाला के असर को किसी में से दूर करना हो) दूर करना मन्ज़ूर हो तो उस का **तरीक़ा** यह है कि विराट देश या बड़े ब्रह्माण्ड के कारण शरीर से (पहले) उस के रास्ते को साफ़ कर के मामूल के कारण शरीर से ताल्लुक़ पैदा कर दे और फिर बड़े ब्रह्माण्ड में इस ख़राबी के दूर करने का नक़्शा बना दे और अगर किसी और शख़्स की यहाँ तक (बड़े ब्रह्माण्ड तक) रसाई है तो उस से ऊपर का हिस्सा लेले। यहाँ तक हर शख़्स की रसाई नहीं हो सकती।

**S.V.**= Look here, Christ is here with us. Very big soul. We have decided together to give you some work desired by Him sometime after. Let the destruction of Europe be completed.

**Lord Christ** = The destruction of Europe is God's Will. Kingdoms will spring up on the ruins of Europe, in short time to come. Civilization is at its apex taking the form of destruction itself. Christianity will go away. It will take the form of something else under me, your Guru and Swamiji (S.Vivekanandji) too.

India is rising up but slowly. Lust of power is great in Europe than in any other countries of the world.

**S.V.** = You won't be given any work for the time being.

## 11-2-45

**हज़रत क़िब्ला** : बाबू मदन मोहन लाल! इस वक्त मेरी तबियत बहुत ख़ुश हुई। अज़ीज़ रामचन्द्र ने **तरीक़ा बैअत** में भी तरमीम कर दी (गो कि पहली बैअत भी इस वजह बेझिझक ज़रूर थी) मै इस तरमीम को रायज करता हूँ। मेरी औलाद जो है या आयन्दा होगी, इसी की पाबन्द रहेगी। यह तरीक़ा बेहतरीन है जो आज तक किसी के दिमाग़ में नहीं आया। हालांकि देखने में बज़ाहिर मामूली - मामूली मालूम होता है। मगर इस के बेशुमार फ़ायदे हैं। मेरी ज़बान क़ासिर है कि मैं इस की ख़ूबियाँ बयान कर सकूं। तजुर्बा बता देगा।

यह तरीक़ा बाबू मदन मोहन लाल जिन को इजाज़त दे चुके हैं, ज़रूरत पड़ने पर बतला देवें।

**तरीक़ा :** पहले connection अपने शिष्य का अपने पीर और मूरिसे आला तक क़ायम करे। उस के बाद दिल से दिमाग़ तक connection क़ायम कर के उस की ज़न्जीर (यानी पहले connection से) जोड़ दे। फिर यह तसव्वुर बांधे कि दिल से दिमाग़ से होते हुये connection मूरिसे आला तक हो गया है और उस पर हल्का ज़ोर देदे।

आयन्दा से यह ही तरीक़ा रहेगा। और यह ईजाद अज़ीज़ रामचन्द्र के नाम से मन्सूब की जायेगी। यह कुछ ईशरी बात है कि इस (RC) से यह बातें सरज़द हो रही हैं।

जो बैअतें कि बाबू मदन मोहन लाल ने की हैं, उन को इसी तरीक़े से दुरस्त कर लेवें और आयन्दा जो होंगे, वो और जुम्ला एहबाब जो मुझ को मानते हैं, यह ही तरीक़ा इस्तेमाल करेंगे। ताकीद जानो। एक उस्तादी का पेच इस ने (अज़ीज़ रामचन्द्र ने) और मारा। वो यह कि **श्री कृष्ण जी** से इस ने बरोह-रास्त इजाज़त ले कर बैअत किया है।

## 12-2-45

**हज़रत क़िब्ला** : बाबू मदन मोहन लाल! अज़ीज़ राम चन्द्र ने न तुम्हारी ज़रूरत रखी, न मेरी ज़रूरत रखी। आज एक नई बात और ईजाद कर दी। एक बात जो बहुत मुश्किल थी, उस को भी किसी हद तक आसान बना दिया। गो वो बज़ाते ख़ुद तरीक़ा मुश्किल है। और यह हर एक का इस ज़माने में काम नहीं है। मगर तारीफ़ इस बात की है कि इस को (RC) कैसा Hit हुआ। **पहला तरीक़ा यह है।** कि जिस वक्त मामूल के stages गुरु किसी हद तक पार कर दे तो ऐसी कौन सी तरकीब हो सकती है कि अक्सी तौर पर तय शुदा मनाज़िल या चक्रों को अपनी मेहनत से पूरी हालत में (ख़ुद ) खोल ले। इस के दो तरीक़े हैं। इस ने (RC) दूसरे तरीक़े को तरजीह दी है। मैं भी उस को तरजीह देता हूँ। एक तरीक़ा यह है कि दिमाग़ से अपने दिल पर हल्की-हल्की ख़ुद तवज्जह देता चले। इस तरीक़े के ज़्यादा मुवाफ़िक़ न अज़ीज़ रामचन्द्र है और न मैं हूँ। वजह यह है कि ऐसा न हो कि ज़रूरत से ज़्यादा तवज्जह दी जाये। तरीक़ा ज़रूर है और ठीक है।

**दूसरा तरीक़ा** यह है कि यह तसव्वुर करे कि मेरा (यानी करने वाले का) सूक्ष्म शरीर सामने मौजूद है और उस के (यानी सूक्ष्म शरीर के) दिल पर ख़ुद तवज्जह दें। अगर यह ही करता रहा तो तरक़्क़ी होती रहेगी और अच्छी होगी। इसी की दूसरी शाख़ मुफ़स्सिल यह है। मगर यह हर एक का काम नहीं। बहुत संस्कारी और sensitive होने की ज़रूरत है। वो यह है कि पहले अपने जिस्मे

लतीफ़ के दिल पर तवज्जह देता रहे। जब उस में उस मक़ाम की फ़नाईयत आ जावे और उस के बाद बक़ा की हालत पैदा हो जावे, तब मक़ामे रूह को लेले। और जब उस में फ़ना और उस के बाद बक़ा पैदा होने लग जाये तब फिर उस के बाद ख़फ़ी और फिर अख़फ़ा को लेले। इस का फ़ायदा यह है कि सैर अच्छी और मुफ़स्सिल होगी। जब यह कैफ़ियत पैदा हो जाये, उस के बाद उस कुल हालत का connection ज़ोर के साथ दिमाग़ से अपने जोड़ दे। जिस को आलमे-कुबरा कहते हैं और फिर उसी तरीक़े से वुसअत पहुंचाने के लिये यहां से यानी कुबरा से अपने सुक्ष्म शरीर को तवज्जह दे। जब यहां पर भी फ़ना और उस के बाद बक़ा की हालत पैदा हो जाये तो इस कैफ़ियत को अपने ऊपर यानी उलिया में बढ़ा दे। और फिर इसी तरीक़े से अपने जिस्मे लतीफ़ को तवज्जह दे। जब वहाँ पर फ़नाये-फ़ना की कैफ़ियत पैदा होने लगे और बक़ा की हालत आने लगे तो इस को और ऊपर बढ़ा दे और वो ही अमल शुरु करे। इस से आगे ख़याल काम नहीं करेगा। और वहाँ पर ज़बरदस्त पीर की ज़रूरत पड़ेगी। मैं चाहता हूँ यह तरीक़ा मेरे यहां रायज हो जाये।

अगर कोई शख़्स ऐसा आ जावे जो तवज्जह में न बैठना चाहे और काम भी अपना बनाना चाहे, तो उस के लिए एक तरीक़ा हो सकता है। और यह तरीक़ा सन्यासी बेहतर तौर पर कर सकते हैं।

**तरीक़ाः** तीन रोज़ तक बरत (व्रत) रखे। खाने से क़तई परहेज़ करे। ख़ाली पानी पिया जा सकता है। नमक और सोडे का भी इस्तेमाल किसी हद तक ज़रूरतन् कर सकता है। ख़ुश्बूयात का

लिहाज़ रखा जाये, अगर मुमकिन हो। इस दौरान में यानी तीन रोज़ तक ज़रूरयात (यानी पाख़ाना, पेशाब, नहाना, धोना) से फ़ारिग़ होने के बाद मुर्दा आसन से पड़ा रहे। और यह तसव्वुर बांधे कि ज़ात की कैफ़ियत जिस का connection उसके दिमाग़ से है, दिल में शांत हालत में उतर रही है। और जहाँ तक हो सके यह ही शग़ल तीन रोज़ तक जारी रखे। उस के बाद यह ही अमल सुबह व शाम बल्कि दिन में कई मर्तबा किया करे। तीन महीने तक इस को करे और अपने ख़यालात शुद्ध रखने की कोशिश करे। तीन महीने के बाद फिर तीन रोज़ का और अगर हो सके तो एक हफ़्ते का ब्रत धारण करे। और उसी तरीक़े से मुर्दा आसन पड़ा रहे। और यह ख़याल बांधे कि दिल तो भर चुका है, अब रूह पर वो ही कैफ़ियत तारी हो रही है यानी नूरे ज़ाते-हक़ीक़त समा रही है। जब यह दोनों चीजें ठीक हो जायें तो तीन महीने के बाद फिर ब्रत धारण करे और उस की मियाद कम अज़ कम तीन रोज़ और ज़्यादा से ज़्यादा एक हफ़्ता । और अगर आदमी मज़बूत है तो पन्द्रह रोज़ तक हो सकती है। और यही ख़याल लतीफ़ाए सिर्रः पर बांधे। और उस के तीन महीने बाद ख़फ़ी पर और फिर उस के बाद अख़्फ़ा पर। अख़्फ़ा पर ब्रत की मियाद इक्कीस (21) रोज़ तक हो सकती है। मगर हर रोज़ मराक़बा उस को दिल ही पर करना होगा, यह ख़याल करते हुये कि जो जो मुक़ामात उस ने अपने ब्रत की रियाज़त से इस वक्त तक भरे हैं, सब भरे हुये हैं, और नूर ख़ूब आ रहा है। इसी तरीक़े से जब सुग़रा मुकम्मिल हो जावे तक कुबरा की तरफ़ रुजूअ हो सकता है। मगर वहाँ पर तरीक़ा जुदागाना होगा। वो यह कि इस कुल पैदा करदा ताक़त को ऊपर को

खींच ले और अपने पिण्डी मन को ब्रह्माण्डी मन में शामिल करने का तसव्वुर करे और वहाँ से ताक़त बराहे रास्त अख़ज़ करे। और फिर यह तरीक़ा और आगे चल सकता है यानी आगे और उस से और आगे।

(ख़िताब मदन मोहन लाल से) बाबू मदन मोहन लाल, मैं ने इस को (RC) एक बहुत सख़्त सवाल अभी हल करने को दिया। उसने बेहतरीन तरीक़े में फ़ौरन जवाब बिल्कुल ठीक दिया। यह बज़ातेख़ुद एक अलैहदा ही तरीक़ा है और ऊपर लिखे हुये अमल में भी सुग़रा के बाद शामिल किया जा सकता है। **तरीक़ा** : ब्रह्माण्डी मन में शब्द की गूंज हो रही है और वो ठोकर दिल पर पड़ रही है। मगर यह तसव्वुर थोड़ी-थोड़ी देर तक बांधना चाहिये। जितनी ताक़त पैदा होती जाये, उतना ही तसव्वुर बांधे। और जिस मक़ाम पर इस की ठोकर दी जायेगी, शब्द फ़ौरन खुल जायेगा। मगर इस तरीक़े को (शब्द वाला) आम तौर पर करने की मैं मुमानियत करता हूँ, तावक्तेकि ब्रह्मचर्य ठीक न हो।

## 13-2-45

**हज़रत क़िब्ला** : आज तुम्हारे phase of life में एक नई बात यह थी कि बराहे रास्त तुम्हें ज़ात से फ़ैज़ मिला है। इस के मायनी यह हैं कि तुम ने ज़ात से बहुत गहरा और अटूट सम्बन्ध हासिल कर लिया है। बुज़ुर्गों से फ़ैज़ क़रीब क़रीब हस्बे इस्त-ताईयत सब को मिलता है। सब से मतलब ख़ुश एत्क़ाद और पीर परस्त लोगों से है।

मगर ज़ात से तुम्हीं को मिला है। मदन मोहन लाल, बड़े बड़े औलिया-अल्लाह इस बात को तरसते हैं।

**वक्त 8 ½ शब** : **श्री राधाजी** : तुम को **श्री कृष्णजी महाराज** से मुहब्बत है और वो तुम से अधिक प्रेम रखते हैं। इसलिये मुझ को अपनी माता समझो।

**श्री कृष्ण जी** : तुम को भगतों में सब से अव्वल जगह दी गई। तुम ने वो कमाल दिखाये हैं जिन का तुम्हें (RC) अभी पता नहीं। **राधा जी** को मुहब्बत तुम्हीं से पैदा हुई। कितने ख़ुश क़िस्मत हो। उन्होंने तुम से पुत्र भाव लेलिया है। तुम (RC) उन को माँ समझ कर मुहब्बत करो।

**S.V.**= We are leaping with joy, hearing these words from Lord Krishna Himself. You have gained the love of Radhaji. I will call that man blind, if he does not come to you for spiritual training.

**हज़रत क़िब्ला** : मेरी ख़ुशी की कोई इन्तहा नहीं । ईशर इस को (RC) मुबारक करे।

**श्री राधा जी** : जहाँ मुहब्बत की ज़रूरत पड़े मुझे रुजूअ हो जाना। मैं सिवाये इस के और कुछ नहीं जानती। ज़िन्दगी भर मुझे इसी से सरोकार रहा है।

**हज़रत क़िब्ला** : इस सिलसिले में यह नई निस्बत पैदा हुई।

## 14-2-45

**S.V.** = We are all along busy doing your work. Now the work comes of different nature. Your brethren have become the medium of instructions of Nannhey. (रघुवरदयाल उर्फ़ नन्हे) They are doing propaganda work for him and his son Brij Mohan Lal. This is the information I give you this time. When you go to Bhandara, remain alert to every point of the compass. Private work is coming to you. Devote most of your time in it, besides other important duties. Will of God is to overthrow the present juncture or the present state of affairs. You are the sole master of such duties. It depends upon you and you alone. You can issue orders to some proper persons whenever need be. There are some other agencies at work solely dependent upon you. There is a great difficulty that we are not finding any man (i.e. fully developed in spirituality like you.) So rush of work for you.

## 17-2-45

**हज़रत क़िब्ला** : हर ऐलान और मज़मून मदन मोहन लाल के दस्तख़तों से, जिन को मैं ने सैक्रेट्री मुकर्रर किया है, शाया होगा। और बाज़ाब्ता मोहर लगेगी। और यह आयन्दा किया जावे। वो अपनी इजाज़त से अपने असिस्टेंट सैक्रेट्री पण्डित रामेशर प्रसाद के ज़रिये से काम ले सकते हैं। बाक़ी सब helpers कहे जायेंगे। अगर कोई अशद

ज़रूरी काम आजावे और बाबू मदन मोहन लाल यहां मौजूद न हों तो असिस्टेन्ट सेक्रेटरी भी कर सकता है। मगर याद रहे कि आफ़िसर कमान्डिंग मैं ही रहूँगा। यानी हर बात बग़ैर मेरे हुक्म के नहीं की जावेगी और यह अहकाम बज़रिया medium उतरा करेंगे। रामेशर प्रसाद को एख़्तियार है कि वो अपने helpers इन्तख़ाब कर लें और बाबू मदन मोहन लाल को इत्तला दे देवें। Helpers वो ही रहेंगे जो बिल्कुल अपने हैं या मुझे अपना समझते हैं। मैं, ख़त्तोकिताबत के सिलसिले को और ज़रूरी बातों को जो तहरीर के मुतल्लिक़ हैं modernize किया चाहता हूँ। अगर मदन मोहन लाल को किसी काम के लिये बाहर रहने की इजाज़त दूँ तो उन से बज़रिया ख़त मेरे commands लिख कर sanction लेली जावेगी। Special Case मुस्तस्ना है। मगर उस काम की इत्तलाह ज़रूर दी जावेगी। सैक्रेट्री के पास एक रजिस्टर रहेगा। जिस में मुख़्तसर नोट हवाले के लिये दर्ज होंगे और उस की नक़ल असिस्टेंट सेक्रेट्री के पास रहेगी। इन इन्तज़ामी मामलात में जो लिखने पढ़ने के मुतल्लिक़ हैं, अज़ीज़ राम चन्द्र को मैं अलैहदा रखना चाहता हूँ। उस के दिमाग़ को इस तरफ़ फैलाना नहीं चाहता। वो सिर्फ़ फ़ैज़ का सरचश्मा रहेगा। और अहकाम उस के ज़रिये से मिलते रहेंगे। यह ड्युटी जिनके मैं ने सुपुर्द की है बिल्कुल अपनी ही समझें। ख़त्तोकिताबत के सर्फ़े के लिये मैं एक मद क़ायम कर दूंगा। जिन साहिबान को मैं ने यह ड्युटी देनी है, उन को मेरी ही समझ कर करें। और उस के यह भी मानी नहीं होंगे कि जिस काम के लिये मैं ने बनाया है उस को छोड़ देवें। वो foremost ड्युटी रहेगी।

**बाबू हरनारायण साहब** मग़फ़ूर यानी मदन मोहन लाल के वालिद बुज़ुर्गवार। फ़रमाया : मैं बद्री प्रशाद की क़िस्मत को सराहता हूँ। बिला मेहनत यह दर्जा मिल गया जो बहुतों को नसीब नहीं और न आगे उम्मीद है। अभी होश नहीं है, वरना साथ लाता। मेरी तबियत रामचन्द्र में फ़ना होने को चाहती थी मगर इस के कहने से जनाब लालाजी साहब (हज़रत क़िब्ला) ने रोक दिया कि यह पुत्तन (मदन मोहन) का हक़ है। इसलिये रोकना पड़ा। मैं तुम दोनों (MM & RC) को मए रामेशर के एक ही निगाह से देखता हूँ और सब को अपनी औलाद समझता हूँ। पुत्तन (MM) को लल्लन ने बहुत तंग किया। उसने इन्तहा कर दी। यह तकलीफ़ रंग लायेगी। पुत्तन, तुम एक काम करो। मैं ने जो क़िताबों का कसीर ज़ख़ीरा जमा किया है उस को मुन्शी जी की (यानी हज़रत क़िब्ला की) नज़्र कर दो। इस की ज़रूरत पड़ेगी और मुमकिन है उन्हीं की औलाद को इस का फ़ायदा पहुंचे। वरना सब ख़राब हो जायेंगी। मेरा मतलब संस्कृत के ख़ज़ाने से है। काम बहुत बढ़ेगा। और इस की ज़रूरत पड़ेगी। मैं भी अपनी क़िस्मत को सराहता हूँ कि वो (पुत्तन) मेरी रिहाई का ज़रिया बने। ज़रूरत हो तो फिर मुझे बुला लेना। (नोट : मदन मोन लाल को उन के वालिद माजिद पुत्तन कहा करते थे।)

**हज़रत क़िब्ला** : इस संस्कृत के ख़ज़ाने की जब ज़रूरत होगी मैं ले लूंगा। वो समझ लें, यह एक चीज़ थी जो उन्होंने मेरे नज़्र की। इस की क़द्र करना चाहिये।

**सवाल :** जिस्म से आज़ाद हो जाने पर बुज़ुर्गों को कैसे हर बात की ख़बर हो जाती है?

**जवाब :** उन के देखने की फ़ोर्स (क़ूव्वत) का उस में धक्का लगता है और चूंकि वो काफ़ी sensitive होता है, उस की ख़बर हो जाती है।

**शरह (तफ़्सील) हज़रत क़िब्ला** : जब कोई बुज़ुर्ग अपने जिस्म को छोड़ता है तो वो शक्तियाँ जो जिस्म से मिल कर काम करती हैं, गुमशुद्गी की हालत में अपने अस्ल में लय (फ़ना) हो चुकता है। और हर इन्द्रियां उस की ख्वाबीदा हालत में हो चुकती हैं। या दूसरे लफ़्ज़ों में यह भी कह सकते हैं कि हम आहंगी अपने अस्ल से हासिल कर लेती हैं (इन्द्रयाँ)। यानी जो परमाणु कि ज़ात में मौजूद हैं वो उस के जिस्म में कूट-कूट के भर जाते हैं। (लफ़्ज़ परमाणु सिर्फ़ समझने के लिये इस्तेमाल किया गया है। अगर इस को ज़ात की ख़ासियत कहा जावे तो ज़्यादा बेहतर होगा) और इस लिये उस का फैलाव ज़िन्दगी ही में इतना वसीअ हो जाता है कि जिस्म छोड़ने के बाद बजिन्सा क़ायम रहता है। इस को Infinite की हालत कह सकते हैं। इस लिये उस की मौजूदगी हर गोशे और हर चप्पे में मिस्ल आकाश या हवा के रहती है। अब अगर कोई शख़्स आवाज़ से या ख़याल से कोई काम करता है तो उस vibration में उस का वो फ़ेल लहर सी पैदा कर देता है। मिसाल के तौर पर यह है कि जब कोई शख़्स कुछ देखता है तो उस के देखने की फ़ोर्स का उस में धक्का लगता है और चूंकि वो काफ़ी sensitive होता है, उस

को ख़बर हो जाती है। पस इसी लिये हर बात की मोक्ष पुरुषों को ख़बर रहती है। यह जो कुछ अज़ीज़ रामचन्द्र ने लिखाया है, बिल्कुल इसी का मज़मून है और ठीक है। और यह राज़े-क़ुदरत भी है जो इस वक्त इस की ज़बान से निकल गया। मगर इस को अल्फ़ाज़ ऐसे नहीं मिले जो इस को explain कर सकता। यह उन्हीं से ताल्लुक़ रखता है। और यह इस का मुझ से या ज़ात से हर वक्त in touch रहने का नतीजा है।

आग़ाज़े आलम से पहले ज़ात की हालत या बज़ाते ख़ुद ज़ात को एक गेंद की शक्ल में समझने के लिये कहा जा सकता है। जब पैदाइशे-कायनात का वक्त आया, उस में एक क़िस्म की, इरादा करते ही, हरकत पैदा हुई । हरकत पैदा होते ही ताक़तों के ज़र्रात और molecules (मोलिक्युल्ज़) यानी छोटे ज़र्रात Atoms की शक्ल में नमूदार हो गये और उस में मिस्ले माला के दानों के जमादात, नबातात, हैवानात पिरो गये। यानी इरादा करते वक्त मख़ज़न से जो ज़ात के क़रीब था, कुल चीज़ें बरामद हो गईं जो ताक़त को साथ लाईं। और वो क़ुदरत जो धार में मिस्ल गुत्थी के नमूदार थी, वो ताक़त से पुर थी। जितनी ही वो लड़ियाँ ज़ात के क़रीब थीं, उतनी ही ताक़त उन्होंने ज़्यादा ग्रहन की और ज़ात का सूक्षमपना उन में ज़्यादा आया। अब इन्सान में, जिस में कि यह धारें पैवस्त हैं और अहाता किये हुये हैं, उस हद तक ताक़त अपने साथ लाया जिस हद तक कि धार नीचे उतरी हुई थी। इसी धार की लतीफ़, लतीफ़तर और लतीफ़तरीन, कहने के लिये क़िस्में कर दी गईं। इस की (इन्सान की) वापसी धार द्वारा जो नीचे उतरी है, नीचे से ऊपर को जायेगी यानी उल्टी चढ़ाई

करने में, उस लतीफ़तरीन हालत में जो ज़ात के क़रीब है, पहुँचेगा और उस की ताक़त, जितनी ही ऊपर चढ़ता चला जायेगा, बा-असूल मज़कूर बढ़ती चली जायेगी।

**सवालात** : (1) रूहानी stages कैसे क़ायम हुये और उनके ऐसे division क्यों किये गये? क्या और divisions नहीं हो सकती थीं। डिविज़न से मेरा मतलब मोटे-मोटे डिविज़न से है। (2) हट (हठ) योग की बुनियाद कैसे पड़ी और उस के बाद राज योग कैसे ज़हूर में आया? Human Psychology का ताल्लुक़ नेचर से किस तरह का है? उस के क्या क़वायद हैं? (3) इन्सान को ज़िन्दगी कहाँ से मिलती है यानी उस में शक्ति कैसे पैदा होती है? ताकि वो अपनी ज़िन्दगी क़ायम रख सके। (4) Brain के cells का ताल्लुक़ किस मण्डल से हैं और उस मण्डल की क्या कैफ़ियत है? (5) आदमी की नेचर कैसे तब्दील हो सकती है? (6) क़ुदरती असरात for और against कैरेक्टर (character) बनाने में क्या मदद् देते हैं? (7) उनके ज़र्रात का ताल्लुक़ कहाँ से है और उन के ज़र्रात कैसे तब्दील किये जा सकते हैं?

यह सवाल हैं जो मैं अज़ीज़ रामचन्द्र को हल करने के लिये दे रहा हूँ । भण्डारे के बाद इस पर रुख़ करें। कुछ point अगर समझ में आजायें तो नोट करते चलें। ज़्यादा तवज्जह की ज़रूरत नहीं।

सवाल वक्त 9 ½ बजे रात के : इस वक्त जो 9 ½ बजे रात को दाहिने और बायें तरफ़ जो हरकत अज़ीज़ रामचन्द्र के हुई थी,

उस पर कुछ वो लिखें। नोट :आपस में हम लोग बातचीत कर रहे थे। अस्नाए गुफ़्तगु में जब कि symbol (यानी लक्षण, चिन्ह) का ज़िक्र हो रहा था उस वक्त हज़रत क़िब्ला ने यह शेर पढ़ा।

शेर : **सर बसर महवे तजल्ली-ए-रुख़े जानाना बाश।**
**आश्नाये यार चूं गश्ते ज़ख़ुद बेगाना बाश।।**

अर्थात : महबूब (प्रेमी, प्रमिका) के चहरे की चकाचौंध कर देने वाली रोशनी (प्रभा) में सिर से पाँव तक (कुल) डूबे रहो। जब यार (प्रेमी) से जान पहचान हो जाये तो अपने आप से बेगाना (अन्जान, अपरिचित) बन जाओ।

## 18-2-45

**हज़रत क़िब्ला**: तुम्हारी माँ (चची साहिबा) ने ख़ूब चरका खाया। ख़ूब सब्जबाग़ दिखाये गये। रुपये का लालच बहुत बुरा है। वक्त 1बजे दिन : मैं बहुत ग़ोरोख़ोज़ के बाद इस नतीजे पर पहुँचा हूँ कि बिरजू को मुतलक़न् सलब कर लिया जावे। उन के सब चक्र ख़ामोश कर दिये जावें। (तामील हुक्म कर दी गई।) उन को बिल्कुल ठस कर दो।

**S.V.** When we are acknowledging your superiority, and the renowned sages of the world, there is no reason why your brethren may slack in their duties. We will remove all such things coming in the way. Let these vagabonds disappear altogether.

बजवाब प्रार्थना मुश-इर सुधार सतसंग, **भगवान् कृष्ण** ने फ़रमाया: तुम्हारे सतसंग की हालत ख़राब है। लोगों पर असर ख़ूब पड़ चुका है। मैं इस को उलट देने का हुक्म दूँगा। यह नहीं हो सकता कि इतने बड़े बुज़ुर्ग की बदनामी हो।

**आख़िरी ऐलान** : मैं तुम को इत्तला देता हूँ। आप लोगों की आप के गुरु महाराज ने कमज़ोरी दूर कर दी। हिम्मत बढ़ाने और रूहारी रोशनी देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। आपको एख़्तियार है कि आप इस बात पर आरूढ़ हो कर अमल करें या न करें।

**हज़रत क़िब्ला**: अज़ीज़ रामचन्द्र ने जब **कृष्ण भगवान** को उन के घर (सहज मार्ग उर्फ़ सत् पद पन्थ) की हालत बताई, और प्रार्थना की कि हमारे बिरादरान जो हमारे हज़रत क़िब्ला से बैअत हैं और अपने आप को वाबस्ता समझते हैं, संभल जायें। ऐसा न हो कि जब किसी बुज़ुर्ग के सामने जायें तो उन की हालत कश्फ़ कर के मेरे पीर के नाम पर हरफ़गीरी करें।

**श्री कृष्ण भगवान** ने जवाब दिया कि ऐसा नहीं हो सकता कि इतनी बड़ी बुज़ुर्ग हस्ती बदनाम की जा सके। और अपनी तरफ़ से ऐलान finally dictate करा दिया। अब इस को हुक्मे ख़ुदा समझो। वो यह है।

**Final ऐलान** : मुज़्दाबाद कि आप लोगों के संभालने और सुधारने के लिये हमारे हज़रत क़िब्ला ने हर मुमकिन कोशिश की और

तकलीफ़ें उठाईं मगर आप लोगों पर (ख़ुदा न करे इस ऐलान की नौबत आये) जूँ नहीं रेंगी। और न कुछ कहने और ऐलान का असर हुआ। इस के मानी मैं **यह समझता** हूँ कि आप लोग जो मौजूदा हालत लिये बैठे हैं, इस से **हमारे** गुरु महाराज के नाम को बट्टा लगाना चाहते हैं। आप यक़ीन रखिये कि मैं ऐसा नहीं होने दूँगा। बख़ुदा कहता हूँ कि ऐसा नहीं होगा। **मेरे** हज़रत के इन्तिहाई रहम से आप लोगों ने फ़ायदा न उठाया। **अफ़सोस** है। अब ज़रा दूसरी तरफ़ की side जो इस के बरअक्स है, ख़याल में लीजिये और असर देखिये। फ़क़त।

## 19-2-45 वक़्त बाद 7 बजे शाम

**S.V.** = The man (B.Ajudhia Nath Sahai ji) sitting before you may be trusted as the necessity demands. Never mind if the secret is out. It has to be opened some day or the other. This is my opinion. Consult your Guru, the Governing Head.

**हज़रत क़िब्ला** : मेरी राय भी है कि भेद खोल दिया जाये। सवाल किया कि किस तरीक़े से।

**S.V.** = Tell him plainly that my Master has made arrangement of his work and satsangh and it is I who is its head.

**हज़रत क़िब्ला** : खोल दो। देर करने की ज़रूरत नहीं।

**S.V.**= Tell him that I receive the orders direct from Him as well as from me. If he doubts my sincerity, he can put me to trial. Add that it will remain confidential till it is announced in Bhandara. He is also working in place of me.

**हज़रत क़िब्ला** : अज़ीज़ रामचन्द्र और मदन मोहन लाल 29 मार्च सन् 45 ई० को फ़तेहगढ़ पहुँच जायें। बाबू मदन मोहन लाल 28 मार्च को फ़तेहगढ़ पहुँचें। अगर इन्स्पेक्टर साहब उन के साथ जा सकें तो अच्छा है, वरना भण्डारे में ज़रूर शरीक हों। मेरी तरफ़ से दावत है।

## 20-2-45

**S.V.**= I have been to Fatehgarh this very time. Your aunt is lamenting the loss of **Jaggu**. There are some agencies at work against you. They have filled in the air of inhospitability to you all, I mean Shahjahanpur. I assure you that this will not happen. The wave of Almighty is moving towards destruction altogether. We are to some extent obliged on account of your checking us from doing so. Your Guru is a bit perplexed, considering the situation before us. What is the news I brought for your information. What is to be done, do soon. Don't waste time. We won't hear even a word after Bhandara, and what we order, it will be incumbent upon you and your subordinates, unhesitatingly. Tell him (इन्सपेक्टर साहब) to be cautious. He will get reward of his doings. I trust him much as he is related to my Lord, the

Supreme Authority. We have been busy to handle the situation all night long. But they move on to some other way, that is the difficulty on account of you. Because you are kind-hearted to them, we don't desire. For this very reason, we are giving allowance. I am a man of dynamite spirit, and cannot bear such things and happenings. That is why your Guru has given me charge of his work. (I tell you the truth, had it been the case with me, I would have annihilated the wrong persons altogether) I have taken you as my medium, who to some extent in this matter, follows the footprints of his Guru, the Kind one. I will make you alright. I mean to bring you on the path I follow, if opportunity presents itself. I pray that such things we are neglecting may not happen. Let us wait the result of Bhandara. Doom is sealed.

## 22-2-45

**हज़रत क़िब्ला** : कुछ इस ज़माने में ऐसा हो रहा है कि अपने आप को बेदाग़ बचाना बहुत मुश्किल है। मर्द वो है जो बेहुमा और बाहुमा की ज़िन्दगी बसर करे। संस्कारों का असर atmosphere में इस हद तक पड़ गया है कि लोगों के ख़यालात साबित रहने नहीं देता और यह क़सूर अपना ही है। Will अपनी इस क़दर कमज़ोर कर दी गई है कि बचाव की सूरत पैदा नहीं होती। वजह यह है कि ख़यालात को तित्तर बित्तर रखने में लोगों को लुत्फ़ आता है। यह किसी से भी नहीं होता कि एक काम ख़त्म करने के बाद उससे अपने आप को आज़ाद समझ लें। और उस के बाद दूसरा काम लें। दिल की

परेशानी की वजह आम तौर पर ज़्यादातर यह ही होती है कि बहुत से ख़यालात एक दम से बांधे जाते हैं। या किसी ख़याल पर इस क़दर ज़ोर दे दिया जाता है कि वो दिल पर असर करे। इस से बचने की तरकीब यह है कि किसी काम को जो ईशर (ईश्वर) से मुतल्लिक़ है उस को गहरा पकड़े और उसी को अपनी निजात का ज़रिया बना लें। यह ही तल्क़ीन हमारे यहाँ सब को दी जाती है। ज़्यादा कामयाब वो ही होता है जो इस नुस्ख़े पर अमल करता है। सूरत कोई भी एख़्तियार की जावे, इस में चन्दाँ हर्ज नहीं। मतलब, मतलब से है। एक बात और ज़रूरी है जो हर शख़्स को करना चाहिये । वो यह है कि अपने आप को ऐसा बना ले और मुहब्बत और भक्ति में ऐसा गर्वीदा हो जावे कि इसी को मुख्य समझे। अब सवाल यह पैदा होता है कि यह बात कैसे नसीब हो सकती है। इस का जवाब यह है कि ईश्वर का रूप किसी भी-रूह में जिस को वो मुकम्मिल समझता है, समझ ले। और उस से मुहब्बत करना शुरू कर दे। एक बात फिर भी बाक़ी रह जाती है कि यह जज़्बा पैदा कैसे हो। इस का जवाब नेक एमाली है। यह सवाल फिर भी हल नहीं हुआ। इस लिये कि यह ख़याल पैदा होता है कि हम नेक एमाल कैसे बनें। इस का जवाब प्रार्थना है। और दूसरों का अदब और लिहाज़ की आदत है। एक सवाल और पैदा होता है कि हम इस हालत पर कैसे आवें। इस का जवाब नेक सोहबत है और बुज़ुर्गों के और भगतों के क़िस्से भी इस के जवाब में शामिल हैं। Will power बिला किसी अमल और शग़्ल के कैसे मज़बूत हो सकती है? इस का ज़वाब यह है कि किसी मुख्य काम को ले लें बाक़ियों को दूसरे और तीसरे दरजे पर समझे। यह सवाल फिर भी हल नहीं हुआ। ऐसा अपने आप को कैसे बनायें जो यह बात सरज़द

होने लगे और आदत पड़जाये? इस का जवाब यह है कि पहले यह इरादा कर ले कि हम को अपनी will या इच्छा शक्ति मज़बूत बनाना है। उस के बाद फिर उस काम को लें। इस का नतीजा यह होगा कि वो फ़िलास्फ़ी जो अज़ीज़ राम चन्द्र ने **कारण** की निस्बत कभी कही है, उस में नक़्श बन जावेगा। और वो काम जो इसी के नुक्तए निगाह से लिया गया है, मददगार होगा। अब सवाल यह पैदा होता है कि इस का नक़्श **कारण शरीर** में कैसे बनायें। इस का जवाब यकसूई है। सवाल फिर भी हल नहीं हुआ। वो यह कि यकसूई कैसे पैदा हो। इस का जवाब यह है कि अपने आप को पहले यकसू समझ ले। इस को फ़र्ज़ करना कहते हैं जो अज़ीज़ रामचन्द्र ने शग़्ले राब्ता में अकसर कहा है। और यह उसी की ईजाद है। फ़र्ज़ करने का तरीक़ा यह है कि उस वक्त उस के ख़िलाफ़ ख़याल पैदा न करे बल्कि वही ख़याल बांधे जो उस को करना और कामयाबी चाहता है। यह अमल दुनियाँदारी के हर काम में किया जा सकता है बशर्ते कि नेक हो।

## वक्त 5-45 बजे शाम

**हज़रत क़िब्ला** : बड़ी ख़ुशी का मक़ाम है कि अज़ीज़ रामचन्द्र ने इतना घना सम्बन्ध ज़ात में जोड़ लिया कि बराहे रास्त एहकामे ईज़दी बशक्ल श्रुति सादर होने की आज से शुरुआत हो गई। मैं ने अज़ीज़ रामचन्द्र को जैसी तालीम और जिस तरीक़े की दी है, इस की मिसाल नहीं मिलेगी। बड़े-बड़े लोगों के (मुराद फ़ुक़रा से है) वहमो-गुमान में नहीं आसकती। और सच पूछो तो यह उस के अहल भी था। बिल्कुल नये ढ़ंग की तालीम की है। मैं ने जो ताक़त इस में

(RC) भरी थी लोगों की तवज्जह उस से लग कर उछल जाती थी। मगर यह काम कुछ अरसे के बाद किया था जब कि मुझे यक़ीन कामिल हो गया था कि यह इस के अहल है। और मेरी सज्जादा नशीनी के क़ाबिल है। ज़ाहिरा परदे पर तवज्जह का लोगों के असर होता था और जब कोई अन्दरूनी परदे का इन के ख़याल बांधता था तो वो ख़ुद Hypnotize होने लगता था। एक छुपी हुई बात और बताता हूँ कि जो शख़्स इन को तवज्जह देता था वो ख़ुद मुस्तफ़ीज होने लगता था और समझा यह जाता था कि मेरी तरफ़ से फ़ैज़ है। बाबू मदन मोहन लाल **ऐसी तालीम सिर्फ़ एक शख़्स को दी जा सकती है**। और यह उस हालत में हो सकती है कि जब दोनों में काफ़ी हम आहंगी पैदा हो गई हो। यह ख़ुदादाद नेमत है। अपने बूते का नहीं। इस शख़्स को वाक़ई तौर पर किसी ने सही गाइड नहीं किया बल्कि धोका ही देना चाहा। शग़्ले-राब्ता में जो इस बेचारे को किसी ने नहीं बतलाया, बल्कि मना किया गया, इसी की ईजाद-हन्दा रही और वो सही उतर गई। चूंकि ख़ुदा को उन को (RC) मौजूदा हालत में लाना था, इस लिये यह अमल ख़ुद बख़ुद शुरु हो गया। बाबू मदन मोहन लाल ! एक बात बड़ी बदतमीज़ी की है कि जो लोग (मुराद मुरीदों से है) आम तौर पर किया करते हैं। शग़्ले राब्ता में हिस्सा जिस्म यानी सिर का ख़याल बांधते हैं। **अलैहदा तसव्वुर में कुल जिस्म का ख़याल करना चाहिये**। और यह ही अज़ीज़ रामचन्द्र ने किया था। लुत्फ़ यह है कि अज़ीज़ रामचन्द्र को यह गिलान ही रहता था । मुकम्मिल हो जाने पर भी कि मैं शग़्ले राब्ता ठीक तौर पर नहीं कर पाया और इसी ख़याल को ले कर मुझ से इस ने दरियाफ़्त किया था कि मुझ से शग़्ले राब्ता नहीं होता। मैं

ने सिर्फ़ इतना जवाब दे दिया था (ज़्यादा कहना मसलेहत न समझा) कि तुम से नहीं होगा, इस लिये कि तुम में फ़नाइयत मौजूद है। मगर फिर भी इस को चैन न आया। इस ने उस की लतीफ़तरीन सूरतों में मेरी याद की और जब याद भी भूलने लगी तो अपनी theory के मुताबिक़ जो इस से पहले ईजाद कर चुका था, फ़र्ज़ कर लिया था कि मैं अपने पीर की याद में हूँ। और उस के बाद भी उस ने बहुत सी सूरतें इस की बदली और कोई न कोई तरीक़ा ऐसा ईजाद कर लिया कि किसी न किसी शक्ल में शग़्ले राब्ता होता रहे। यह बात उस की उस रोज़ तक रही जब कि मैं ने बन्दिशें तोड़ी हैं। इस के बाद भी इस ने उन बन्दिशों की ताक़त से उसी बात के ताज़ा करने की कोशिश की और करता रहा। जिस का नतीजा यह हुआ कि मुझ को बाबू मदन मोहनलाल के दिल में यह बात डालना पड़ी कि इस को ऐसा करने से रोक दिया जावे। वजह यह थी कि उस पूरी ताक़त से जो बन्दिशें तोड़ने पर इस के अहसास में आई, रुजूअ हो गया था। यह ही शग़्ले राब्ता की आख़िरी हालत थी जो इस ने क़ायम रखी। इस की आदत भी मुद्दतों से पड़ी हुई थी, लिहाज़ा इस ताक़त का इस्तेमाल उसी की तक़वीयत देने के लिये कर दिया।

मैं ने ख़ुद आज **एक तरीक़ा** ईजाद किया, वो यह है कि एक शख़्स कोई शेर लेले और उस को बार-बार पढ़ता रहे। शेर ऐसा होना चाहिये जिस से मुहब्बत में फुरना हो। जो (शख़्स) शेर पढ़े, वो उस को भरता रहे और दूसरा शख़्स जो काफ़ी ज़बर्दस्त होना चाहिये, उस असर को हल्के-हल्के खींचता रहे। मगर उस वक़्त खींचे जब कि लहरा शुरू हो जाये। वो इस तरह पर कि जो कैफ़ियत या जज़्बा जो

उनमें (लोगों में) भरा जा रहा है, वो भरने के बाद आहिस्ता-आहिस्ता मेरी (खींचने वाले) तरफ़ आ रहा है। बहुत कड़ी will बांधने की ज़रूरत नहीं। इस लिये कि भरने वाला इस हद तक नहीं भरता और न भरना चाहिये। इस से फ़ायदा यह होगा कि वो लताफ़त का मज़ा चख चुकेंगे और हल्का सेंक उनके चक्रों पर बैठ जायेगा। मगर यह तरीक़ा हर कस व नाकस के करने की ज़रूरत नहीं। बाबू मदन मोहन लाल इस को कर सकते हैं मगर उस वक्त अज़ीज़ रामचन्द्र को सलब करने के लिये बिठालना पड़ेगा। और जब अज़ीज़ राम चन्द्र ऐसा करें तो उन को ख़ुद (मदन मोहन) बैठना पड़ेगा। इस से मतलब यह है कि दोनों हस्तियां इस के लिये ज़बर्दस्त होना चाहिये । इस की हर शख़्स को इजाज़त नहीं देना चाहिये। नुस्ख़ा मुजर्रिब है। और यह भी हो सकता है कि जब दो शख़्स ऐसे इकट्ठे न हो पायें तो करने वाला ख़ुद ही भरता चले और ख़ुद ही सलब करता चले। इस काम में राम चन्द्र का तरीक़ा मुझे पसंद आया। वो यह है कि जो दौर शुरु करे, वो अभ्यासियों से pass होता हुआ अपने ही में लेता रहे। यह बेहतरीन तरीक़ा है। ऐसी हालत में जब कि दूसरा शख़्स बड़े पाये का मौजूद न हो।

## 23-2-1945

**हज़रत क़िब्ला** = मैं ने इस क़लील अर्से में, जिन्होंने मुझे इमदाद दी और मददगार साबित हुये और वाक़ई मदद की, उन को एक अच्छे स्टेज पर जो दूसरे को (करना) मुहाल था, खड़ा कर दिया। अब सवाल पैदा होता है कि मैं ने ऐसा क्यों किया? क्या मेरी

ख़ुदगर्ज़ी कही जाये या इस को हुक्मे ख़ुदा समझा जाये? यह दोनों बातें अपनी-अपनी हालत में सही हो सकती हैं। बनाने का मक़सद वाक़ई तौर पर कुछ और था, और है। ख़ुदाई काम में इन लोगों को मदद् देना चाहिये, और मदद् देते भी हैं। पहली बात तो यह ख़त्म हुई। अब दूसरी बात शुरु होती है। वो यह है कि मेरे सतसंग की हालत बहुत बिगड़ी हुई है। इस को तुम सब जानते हो और मैं कहता चला आया हूँ। बस इस का संभालना अपना फ़र्ज़ समझें। तरीक़े मुझ से पूछते जायें। मगर इस काम के लिये रहबर की भी ज़रूरत है। और वो ऐसा शख़्स होना चाहिये जिस का बराहे रास्त मुझ से ताल्लुक़ हो ताकि अहकामात उन तक पहुंच सकें। और मेरी तामीले-हुक्म कर सकें। अब इस के लिये यह लाज़िम आया कि हर बात जिस से मक़्सद हल होता हो, मुझ से दरियाफ़्त कर लेना चाहिये। मेरा औज़ार मौजूद है, इस के बार-बार कहने की ज़रूरत नहीं। अब जो इन्तज़ाम मैं ने सोचा है, ज़ाहिर करता हूँ। वो यह है कि बाबू मदन मोहन लाल बदायूँ रहें और रामेशर् ज़िले (शाहजहाँपुर) का काम करें। मगर यह याद रहे कि इन में से हर शख़्स एक दूसरे के सर्कल में काम कर सकता है । वाक़ई तौर पर कोई सर्कल नहीं है। इन्तज़ामन् बना लिया गया है ताकि लोगों को सहूलियत हो। लोगों से मतलब मेरा सीखने वालों से है। इख़्लाक़ की दुरस्ती उनका (मदन माहेन और रामेशर) फ़र्ज़ होगा और साथ ही साथ रूहानियत की भी तालीम होगी। अब सवाल यह पैदा होता है कि इख़लाक़ कैसा होना चाहिये। इस का जवाब यह है कि मोअल्लम ख़ुद मेरी रहनी सहनी अख़्तियार करें और इस तरीक़े की तालीम उन को देवें।

**सवाल** : यह बात कैसे मुमकिन हो सकती है?

इस का जवाब यह है कि ख़ुद उस (इख़लाक़) के नमूने बन जावें जो मेरा था। इस बात की तरफ़ बहुत ज़ोर देना चाहिये और प्रार्थना के तरीक़े इस की कार-बरारी के लिये इस्तेमाल करना चाहियें। **यह मैं सब से कहता हूँ। रामेशर को ज़िले में और जहाँ मैं भेजूँ, दौरा करना पड़ेगा और करुणा शंकर की मदद् करना पड़ेगी। बाबू मदन मोहन लाल भी जहाँ मुनासिब हो, इस को (रामेशर प्रशाद को) और करुणा शंकर को भेज सकते हैं। यह सब काम मेरा ही होगा। इस के आगे मैं जिस वक़्त, जो मुनासिब समझूंगा, हुक्म दूँगा।**

## 25-2-45

**S.V.** = I have been intending to reach you by this very train instead of Pt. Rameshwar Parshad who is busy with his mother. You can call me or any (one) of us when you require help. We are all busy with the work of an important nature, so can't leave station. Drop this letter at once.

(नोटः यह ख़त बाबू करुणा शंकर के वास्ते डिक्टेट कराया गया था)

**हज़रत क़िब्ला**: गाना मेरे सतसंग में रायज कर दो। मगर गवईयों और ढ़ोल-ताशे वालों को बुलाने की ज़रूरत नहीं और न क़व्वालों को invite इस काम के लिये करना चाहिये। सिर्फ़ तवज्जह

देने वाला गा सकता है। आम तौर पर सब कोई सतसंग या महफ़िल में नहीं गा सकता। अगर तवज्जह देने वाला ज़रूरी समझे और लोगों की तबियतें उचाट हों तो एक दो ख़ास प्रेमियों को गाने के लिये हुक्म दे सकता है मगर हर मौक़े पर नहीं। जिस शख़्स को तवज्जह देने की क़ाबलियत है वो ही क़ाबिले तरजीह हो सकता है और उसी को तरजीह दी जा सकती है। महफ़िल में या समाधि पर, ख़्वाह मेरी हो या तुम्हारी, तवायफ़ें कभी हरगिज़ न बुलाई जावें। इस की काफ़ी एहतियात रखी जावे।

## 26-2-45

**हज़रत क़िब्ला** : मैं फ़तेहगढ़ से आ रहा हूँ। Situation स्टडी (Study) कर चुका। वक़्तन फ़वक़्तन् तुम को बतलाता रहता हूँ। एक ख़ास हस्ती, स्वामी विवेकानन्द जी को, इस काम के लिये छोड़ दिया है। जो अब तक असल भण्डार में वापस नहीं हुये। और न वापसी का इरादा है, जब तक कि काम ख़त्म न हो जाये। यह ऐसी बुज़ुर्ग हस्ती हैं जिस का सानी नहीं। अब नफ़्से-मतलब पर आता हूँ। लल्लू (इन्सपेक्टर साहब) को मैं एक काम सुपुर्द करता हूँ जो उन्हीं के करने का है और उसका उजर दूंगा। वो यह है कि वो जिस वक़्त फ़तेहगढ़ पहुँचें तो अपनी चची से इस तरह पर हमकलाम हों कि उन को अब तक जो कुछ समझाया गया है, या मुख़ालफ़ीन ने कहा है, वो बिल्कुल ग़लत है। जिस शख़्स के बारे में या जिन अशख़ास के बारे में जो शाहजहाँपुर के साकिन हैं, ख़याल दिलाया गया है, या जो कुछ भी कहा है, उस का मतलब कुछ और है जो अन्क़रीब उन को रोशन हो

जायेगा। फ़िलहाल उन के दिमाग़ को जो Poison किया गया है, उस को दूर करें और जो नफ़रत उन को पैदा हो गई है, उस को हटा लें। और इस के मुतल्लिक़ जो ज़रूरी बातें हों, वो भी करें। मतलब यह है कि उन को इस हद तक हमवार कर लिया जाये कि मामला खोलने से पहले वो राहे रास्त पर आ जावें। हां इतनी उनकें (चची साहिबा) लिये इजाज़त है कि जब यह मामला खोला जाये और जिस शख़्स की निस्बत हो, उस को अच्छी तरह से तोल लें कि जो आया वो उन से ऐसी मुहब्बत रखता है जो एक पुत्र को माता से होना चाहिये। एक एहतियात ज़रूर रखें कि यह मामला, जब तक रामचन्द्र न पहुंच जावें, और मैं हुक्म न देदूं, उस वक्त तक उन से और सब से पोशीदा रखें। जिस वक्त यह मामला खोला जाये, लल्लू (इस्पेक्टर साहब) की मौजूदगी लाज़मी है। और ऐलान के वक्त उन को होना चाहिये। और बेहतर तो यह है कि वो इस कारे-ख़ैर को जो राम चन्द्र के मुतल्लिक़ है, अपनी ज़बान से ऐलान करें। अगर इस काम को उन्हों ने कर लिया तो यह बात मेरी बायसे - ख़ुशनूदी होगी। और उनका नाम उस तवारीख़ में जो राम चन्द्र के बाद लिखी जायेगी, मोटे हरूफ़ों से तहरीर होगा। मैं यह नोट जो बना रहा हूँ, राम चन्द्र की जीवनी में शामिल होंगे। सब बुज़ुर्गों का मन्शा इस की जीवनी लिखने का है। और मेरी भी जीवनी इस के साथ-साथ रहेगी। क्यों कि इस से ज़्यादा मुझ को कोई न समझ सका। मैं फ़तेहगढ़ फिर जा रहा हूँ। स्वामी विवेकानन्दजी ने क़सम खाई है कि मैं असल भंडार में उस वक्त वापस हूँगा जब कि काम को ख़त्म कर लूंगा।

**S.V.** = 7 ½ PM Here is a very big soul before you.

called **Guru Nanak**. He wants to give you a sitting. He is going to merge in you. He has merged in you. He has brought a great work for you which he will himself dictate.

**गुरु नानक देव**: मेरी प्रार्थना आज बर आई। मैं तुम्हारे गुरु को धन्यवाद देता हूँ कि उस ने तुम को ऐसा बनाया कि सब की निगाहें अब तुम्हीं पर जाती हैं। मेरा काम बहुत बिगड़ा हुआ है। जहालत बढ़ रही है। रूहानियत से सरोकार नहीं रहा। सिख एक पोलिटिकल क़ौम बन गई। जौहर दिखाने का वक्त नहीं रहा। उस वक्त में यह ठीक था, जब कि मुसलमानों से युरिश शुरू हुई थी।

**S.V.** = I give you authority on his behalf to train his disciples.

**गुरु नानक** : बस इस वक्त मुझे इतना ही कहना है। तुम इस वक्त अपने काम में बहुत मसरूफ़ हो। इस के बाद देखा जायेगा। एक बात मैं ज़रूर कहूँगा कि तुम ज़िन्दगी में उस को सुधार नहीं सकते। तुम्हारा काम ज़िन्दगी के बाद शुरु होगा। लेकिन इस के यह मानी नहीं हैं कि अपनी ज़िन्दगी में ऐसा करने से बाज़ रहो।

**S.V.** = Now you will receive dictates direct from him as well. I am going back to my work, which your Guru is conducting during my absence. I don't want to trouble Him any more. Going back.

**हज़रत क़िब्ला** : मदन मोहन लाल! इस वक्त इस ने कितना

अच्छा इख़लाक़ बरता। जिस वक्त गुरु नानक साहब ने इस को इजाज़त दी, मैं मौजूद न था। अगर उस वक्त गुरु नानक के कहे हुये को स्वामी विवेकानन्द जी की मौजूदगी में मुझ पर रख देता तो उन की कितनी तोहीन होती। इसने बजाये मेरे उस वक्त उन्हीं से काम लिया, और यह ही अदब था। मुझ (हम) दोनों को इस के ऊपर बराबर हक़ है। इस को ऐसा ही करना चाहिये था। मेरा जी ख़ुश हुआ। और **जब यह ध्यान में बैठा** तो **मेरा ख़याल** था, उस वक्त यह इख़लाक़ बेहतरीन था। मैं ऐसे लोग जमायत में चाहता हूँ मगर अफ़सोस तमन्ना बाक़ी ही रह जाती है। यह बात कोई मुश्किल नहीं गो बादी-उन-नज़र में मुश्किल मालूम होती है। बस थोड़े से चिपकने की ज़रूरत है। मगर वो चिपकना ऐसा हो कि फिर न छूटे। यह मन्त्र आज मैं बहुत अच्छा बताता हूँ। हर शख़्स के लिये मुफ़ीद होगा। मदन मोहन लाल अपने मुरीदों को हिदायत फ़रमावें कि ऐसा बनने की कोशिश करें। और मुझ को ऐन ख़ुशी होगी, अगर सब लोग ऐसा कर दिखावें। मैं समझूँगा कि मेरा मिशन पूरा हो गया और कुछ करना बाक़ी नहीं रहा।

## 1st March, 1945

**श्री कृष्ण जी महाराज** : स्वामी विवेकानन्द जी अब तक भण्डार में वापस नहीं गये। क़सम खाई है कि भण्डार में वापसी उस वक्त होगी जब काम ख़त्म कर लूँगा। ख़्वाह ता-क़यामत हमें रहना पड़े। गो ऐसा नहीं होगा। एक बात और है कि मैं ने तुम्हें अपनी पूरी ताक़त का इज़्हार करा दिया। इस को अपनी ही समझो। तुम्हारे पीर

के विसाल के वक़्त उन्होंने भी यह ही तरीक़ा किया था। उन को एहसास हुआ था। वोही मैं ने किया है। इस को अपनी ही समझो। इसका ताल्लुक़ या connection बराहे रास्त हो चुका है। इस को मुन्तक़िल समझो।

**S.V.** = I am leaping with joy that from this day you are the master of such a great power. Utilize it in Bhandara. I will tell you the method for its utilization and also the point. Nobody can stand before such a great power. You can make it a destructive weapon.

## 2-3-45

**S.V.** = I have been working all along day and night, making your way smooth and glossy. I have taken up the work practically since this morning, and selected a few persons for destruction. One thing is pricking me to a great extent, that a great havoc is wrought by the persons, whom the Lord thought as his own. His brother too is an example. Next comes His nephew in one sense and the next nephew in other sense. You have made them target leaving one. I am postponing the destruction of Mathanni Babu for the time being and Brij Mohan Lal too. There is a great idiot in your society called Rajendra Kumar. Have no hopes from him. He is going his own way and follows nobody. I will see you in Bhandara. Till that time I remain there. Hypnotize my Lord's Samadhi with full power as soon as you reach there. I want

Samadhi, **"The Rising Sun"** better than anything in the world. I will be there with whole sole destructive power, move it when necessary. You can knock it down at any moment, that is the only work I took up now and the Shakti of Daya (दया) will rush up from your Lord. You can utilize it if so required. Have this note with you. **Lord Krishna** has ordered me just now to annihilate the persons we don't require.

**हज़रत क़िब्ला** : बाबू मदन मोहन लाल ! **हुकम ख़ुदा से मजबूरी है, जो उस को मन्ज़ूर है, वो हो कर रहेगा। फ़क़ीर को रिश्ते से कुछ ताल्लुक़ नहीं।** यह मैं तुम लोगों को भी तल्क़ीन करता हूँ। इस का ख़याल इस ज़िन्दगी में और इस के बाद भी रखें।

**S.V.** = I have made Mathanni Babu as target for destruction. One chance is given by your Guru. I remember the letter and the words of my Lord. There is one remedy for him that if he prostrates himself before you, begging pardon for his letter. Then the least punishment may be awarded. Punishment he will get. These are my Lord's words given in the letter. I can bear everything, but not the words touched in the heart of my Lord, your Guru. How this happens? When anything touches you. These are the words of Lord Krishna made direct to me. Unless he comes down on his knees, I won't excuse him.

## 3-3-45 वक्त 2-40 PM

**हज़रत क़िब्ला** : नन्हें इस वक्त भी न चूके। चाहा कि यह तकलीफ़ रामचन्द्र की तरफ़ मुन्तक़िल कर दें, मगर कुछ न हुआ।

## 4-3-45

**हज़रत क़िब्ला** : इसने वो मसला जिस को काया पलट कहते हैं, इतना अच्छा हल किया है कि ऐसा हल होना मुश्किल था। मैं अपनी क़िस्मत को कहाँ तक सराहूँ कि मुझ को ऐसा शख़्स मिला। जितनी जल्द इस ने यह मसला हल किया है, अगर फ़िलास्फ़र भी इस को हल करना चाहते तो उन की ज़िन्दगी का गिराँमाया हिस्सा सर्फ़ हो जाता और मुमकिन था कि हल न होता। इस की (RC) निगाह हमेशा point ही पर जाती है और वहीं hit होती है, जहाँ पर कि ज़रूरत है।

**S.V.**= I am leaping with joy hearing the news from your Guru, my Lord, of a new invention, difficult to creep in one's brain. I prophesy that such a man will never born again. Happy are those, who make use of time. Can anybody claim to be so, among your brethren, who dream of my Lord's place. I say the same thing to my missionaries. Congratulations. Let me finish my work. You will get reward for it. I will speak up to Lord Krishna and my Guru, too.

ख़ते आमदा सुनने के बाद : **S.V.** = 5.00 PM Your Guru has gone to Sikandarabad. He is doing havoc. Check Him,

Check Him soon.

(नोट : हज़रत क़िब्ला से फ़ौरन प्रार्थना की गई। हज़रत जो काम उस वक्त कर रहे थे, उस से रुक गये। )

**श्री कृष्ण जी महाराज** : 5.25 PM इस वक्त के ख़त की ख़बर मुझ को भी पहुँच गई।

**S.V.** = I have been studying the situation so far, doing my work at the same time. A few persons must see the end, disturbing my Lord's work. My step will be serious after Bhandara. They have troubled my Lord to a great extent. I will take revenge, and made my nature so. Then comes my work. There are a few gentlemen among you who yield to some extent. Others are going the same way akin to Sri Krishna (डा० श्री कृष्ण). He is a man of mean nature and not fit for the society. It was my Lord's ability that He rose him to the level of polished man. This is the only person who can pounce upon you. You did your duty, don't fear. If he comes in Bhandara, remain alert. You should be guarded in every way. There is a fear of your life but it will not happen. Your Guru has given you sufficient directions. I suggest one thing more, when you go to sleep in the night, one of you must (remain) awake as long as you are sleeping. The man selected for this work should be strong and healthy and all of you should remain near, in the same room or compound. I won't allow you to go anywhere.

**हज़रत क़िब्ला** : स्वामी जी ने जो कुछ फ़रमाया है, इस की एहतियात लाज़मी है। हालांकि किसी की ताक़त नहीं जो मेरी मौजूदगी में ऐसा कर सके। शान्तिपाठ में वो लोग जो workers हैं और जिन के ताल्लुक़ रामचन्द्र की हिफ़ाज़त है, शरीक न हों। इस में मदन मोहन लाल और रामेशर भी शामिल हैं।

## 5-3-45

**हज़रत क़िब्ला** : आयान्दा से मैं मुमानियत करता हूँ कि यह तरीक़ा काया पलट अगर किया जावे तो मेरे सामने किया जावे। या अज़ीज़ राम चन्द्र के सामने। अपने शिष्यों पर यह तरीक़ा हरगिज़ न किया जावे। अगर ऐसी ज़रूरत पड़ जावे तो अज़ीज़ राम चन्द्र के पास भेज देवें। इस में अन्देशा इस बात का है कि कहीं संस्कार उतर कर एक जगह इकट्ठे न हो जावें। और भोग की शक्ल फ़ौरन अख़्तियार कर लें। बस इस में यही ख़तरनाक हिस्सा है।

## 6-3-45

**हज़रत क़िब्ला** : मेरी लाइफ़ में नन्हें का नाम कहीं पर नहीं आयेगा। **मुतल्लिक़ा राम सन्देश** : मुतल्लिक़ा जीवनी (1) मगर ज़माने ने ऐसा पलटा खाया .....

(2) और इस क़लील तन्ख़ाह में ईमानदारी से गुज़र किया .....

इस की कितनी जिल्दें छपी हैं और उस में से कितनी, फ़रोख़्त हो चुकी हैं। मैं समझता हूँ कि जितना लिट्रेचर अब तक छपा है, सब तुम्हारे पास आना चाहिये। और बेहतर तो यह होगा कि जिन लोगों ने कि यह किताबें ख़रीदीं हैं, तुम को वापस कर दें। और चाहें तो उस की क़ीमत भी ले सकते हैं। बहुत गड़बड़ शक्ल में छापी गई हैं। मैं चाहता हूँ कि मेरा दस्ती लिट्रेचर सब एक जगह जमा कर लिया जावे और वो सब मुझ को सुनाना चाहिये। मैं बता दूँगा कि यह हिस्सा छपने के क़ाबिल है। रामचन्द्र से मैं इस काम में पांच सौ रुपया लूँगा। और वो सब इसी में सर्फ़ किया जायेगा। इस की आमदनी जो होगी वो सतसंग के काम में जमा होगी। और इसी काम में सर्फ़ होगी। मैं इस मामले में क़दम-क़दम पर बताता जाऊंगा। और यह भी बता दूंगा कि मज़मून में यहां पर मेरी originality है। और यह भी हो सकता है कि वो मुश्किल मज़ामीन जो मैं ने मुख़्तसरन् लिखें हैं, मुशरह भी किये जा सकते हैं। अगर वो सब चीज़ें यहाँ (शाहजहाँपुर) आजायें तो बड़ी आसानी से यह किताबी सूरत में हो सकेंगी। मैं अपना वक्त दो घन्टे रोज़ दिया करूँगा। अपनी चची को यक़ीन दिला देना कि यह चीज़ें जो मेरे पास रहेंगी, किसी के पास जा नहीं सकतीं। और हमारा हक़ भी है और फ़र्ज़ भी है। हमेशा सज्जादानशीन ही के ज़रिये से यह बातें तकमील को पहुंचती हैं। तारीख़ शहिद है।

सवाल मदन मोहन : क्या तरीक़ा ऐसा है कि जिस से अपना जो ख़याल पैदा हो वो फ़ौरन गुरु को strike कर जाये?

**फ़रमाया** : पीर से कमाल हम आहंगी करने से। **तरीक़ा** यह है

कि अपने आप को बिल्कुल साकित करता चले। इस तरह पर कि कोई मद्दो जज़र बाक़ी न रहे। यह बात अभ्यास से ताल्लुक़ रखती है। उसी से समझ में भी आ सकती है। इस को **मुर्दा की कैफ़ियत** कहते हैं। यह ही सही मायनों में जीवन मोक्ष है। बशर्ते कि सही मायनों में मुर्दा कैसी कैफ़ियत हो गई हो। यह बात मदन मोहन लाल, किसी में पैदा नहीं हुई और मुझ को आरज़ू ही रह गई। रुहानियत का लुत्फ़, गो बहुत कुछ इस से पहले आचुकता है, मगर वाक़ई इस के बाद है। मेरी हालत यह पैदायशी थी और अज़ीज़ रामचन्द्र की भी। **सवाल** : अब यह बात पैदा कैसे हो?

मुख़्तसरन् यह अभ्यास बताता हूँ। अपने आप को ज़ाहिरी स्वभाव से, जो आम तौर पर हुआ करता है, उस को साफ़ करता चले। यह चीज़ इस में मददगार होगी। मदन मोहन लाल! यह बहुत बड़ी बात है। इस हालत को फ़नाए-मुतलक़ भी कह सकते हैं। इस के बाद इन्सान को कुछ करना धरना बाक़ी नहीं रह जाता। बन्दगी ज़रूर फ़र्ज़ है और मेरा यह वतीरा तमाम उम्र रहा है। और तुम लोग भी न छोड़ना । अपने आप को बन्दा ही समझना। ख़्वाह रुत्बा कितना ही आली हो जाये। अज़ीज़ राम चन्द्र की तालीम इस के आगे से शुरु हुई थी। इतना वो अपने साथ लाये थे। इतनी किसी की निगाह भी न थी जो इस को अन्दाज़ करके उस को तालीम देता। और मेरे भी यह बात एक अरसे में समझ में आई थी।

## 7-3-45

**हज़रत क़िब्ला** : मदन मोहन लाल : तर्ज़ गुफ़्तगू मेरा सा होना चाहिये। वो यह कि गुफ़्तगू में risc और fall और pitch नहीं होना चाहिये। बल्कि इस सूरत में होना चाहिये कि जैसे ईशरी धार सरल रूप में आग़ाज़ से अब तक यकसार बह रही है। मैं ने इसी की नक़ल की थी। इस के बेशुमार फ़ायदे हैं। कहाँ तक कहे जायें। यह एक फ़ल्सफ़ा है कि जब गुफ़्तगू की रवानी असल से मुताब्क़त करती हुई चलती है तो इन दोनों में हम आहंगी पैदा हो जाती है। और उसी के द्वारा क़ुदरती तर्ज़ ख़ुद बख़ुद पैदा होने लगता है। और असर पैदा होता है। जो बात कही जाती है, गड़ती चली जाती है। दूसरे मायनों में इस से एक क़िस्म की निस्बत असल धार से पैदा हो जाती है। और जब निस्बत पैदा हो जाती है तो असर होना ही चाहिये। अगर कोई शख़्स इस की नक़ल करे तो अस्नाए गुफ़तगू में वो ही लफ़्ज़ बरामद होंगे जो उस का मन्शा है। और ठीक हैं। यह बात मेरी जीवनी में भी लिखी जायेगी। इस की तरकीब यह है कि गुफ़्तगू में पहले risc और fall जिस को तेज़ी भी कहते हैं, सब से पहले दूर करने की कोशिश करना चाहिये । जितनी कमी इस में होती जायेगी, उतनी ही यह धार उस से हम आहंगी एख़्तियार करती जायेगी। तेज़ी से मतलब मेरा सिर्फ़ ग़ुस्सा से ही नहीं है, यह तो बहुत ठोस चीज़ है। इस को तो इस मौक़े पर पास आने ही न देना चाहिये। बल्कि यह है कि उस रवानी में किसी क़िस्म का बोझ न हो। इस की मिसाल ख़ामोश हवा की लहर ही हो सकती है। यह बात बहुत मुश्किल भी है। मगर क़ोशिश और हिम्मत से, अगर गुरु कृपा शामिले-हाल है, तो सब कुछ हो जाता है।

शेर : **मुश्किले नीस्त कि आसाँ न शवद।**

**मर्द बायद कि हिरासाँ न शवद।।**

(अर्थात : ऐसी कोई मुश्किल नहीं है जो आसान न हो जाये। मर्द वो है जो (कभी भी) हताश न हो। )

**S.V.** = I am taking very serious step against Mathanni. He is poisoning the brains of all the people owing allegiance to our Lord. I am trying to make them better. We are doing our best.

**हज़रत क़िब्ला:** श्री कृष्ण के आने की भी ख़बर है। और वो कम्बख़्त भी आवेगा। सल्वातें सुनते जाओ और ख़ामोशी से काम करते जाओ। ताक़तें इस्तेमाल करो मगर जो, या जिसके लिये हुक्म हो। एक बात मैं बतलाता हूँ, यह निहायत मुफ़ीद होगी कि ऐलान के वक्त तक और अगर इस के बाद भी ज़रूरत हो तो अज़ीज़ राम चन्द्र की पावर (Power) से जो उस को मिली है connection जोड़ लो। मगर देखो भण्डारे के बाद इस की इजाज़त नहीं देता। तुम सब में मेरी ही ताक़त दौड़ने लगेगी। मगर हर शख़्स ज़बान पर control रखे। ज़ाहिरन् आदाब की मुमानियत नहीं। अपना फ़ेल अपने साथ है। दूसरे का वो ख़ुद ज़िम्मेवार है। मेरा मतलब ज़ाहिरन् आदाब से यह है कि अपनी तरफ़ से किसी को यह तरशेह न हो, चाहे वो कम्बख़्त ही क्यों न हो कि मैं ख़िलाफ़ हूँ। बल्कि अपने आप उसी तरीक़े से मिलने की कोशिश करे और ठीक यही है कि तुम फ़र्ज़ अदा कर रहे हो। मैं ने अज़ीज़ राम चन्द्र को आज इस वक्त (9 बज कर 40 मिनट वक्ते शब)

अग्नि पर control दे दिया। इस का ठंडा मिज़ाज बहुत है, इस लिये इस की ज़रूरत पड़ गई। इस तत्व पर क़ाबू देने की मुमानियत है और मैं ने भी रख छोड़ा था। तुम भी इस पर क़ाबू किसी को न देना। इस की ताक़ते-बर्दाश्त लोगों में अक्सर नहीं होती बल्कि ज़्यादातर नहीं होती।

**S.V.** Congratulations. Some more powers are coming to you. They are reserved. These powers are the special gift of Lord Krishna in pursuance of the duty you have done in Southern India.There is an inexhaustible store for you by Lord Krishna. The pleasure seekers (नफ़्स परस्त) don't require you nor your help. Your authority: the world will agree, but after you. I have been working at Jeypur since 5 'O clock in the evening. It is about 10 now.

## 8-3-45

**हज़रत क़िब्ला** : श्री कृष्ण जी महाराज का मन्शा राम चन्द्र में कुलियतन् फ़ना होने का था मगर मैं ने इस ख़याल से कि कहीं जिस्म न छूट जाये, प्रार्थना की कि ऐसा न किया जावे। स्वामी विवेकानन्द जी ने भी मेरे इस ख़याल से मुताब्क़त की, ताहम उन्होंने एक ज़ख़ीरा इन के लिये मेरे पास reserve कर दिया है। यह जनूबी हिन्द के काम का सिला है।

## 9-3-45

**श्री चैतन्य महा प्रभु** : मैं ने भी तुम्हारे सतसंग का मुआयना किया, हालत ख़राब पाई। तुम्हारे सतसंग में तुम्हारे गुरु महाराज के

जाते ही यह बात पैदा हो गई कि असल चीज़ के समझने का माद्दा नहीं रहा। वजह यह थी कि ऐसी तवज्जह जैसी कि आप की ज़िन्दगी में मिलती थी उन को नहीं दी गई। तवज्जह में ग़रज़ शामिल हाल रही। जहाँ यह है वहाँ असलियत का पता कहाँ। मेरी आरज़ू थी कि अपना काम संभाल कर मेरे मिशन पर भी तवज्जह करते। तुम्हारे गुरु महाराज भी इस से मुवाफ़िक़्त करते हैं। मैं तुम्हें अपनी जगह दे चुका हूँ। एक बात मैं अपनी ज़िन्दगी की तुम को बताता हूँ कि मैं ने अपनी ज़िन्दगी में **श्री कृष्ण जी महाराज** से बहुत घना सम्बन्ध कर लिया था। उनकी शक्ल सामने रहती थी। अब वो ही सिलसिला दूसरी शक्ल में क़ायम हो गया। यह सिलसिला तरक़्क़ी करेगा। तुम्हारा काम एक बहुत बड़ी आत्मा, जिस की मिसाल नहीं, कर रही है। अभी तक यह कोशिश हो रही है कि कम अज़ कम नुक़्सान में काम बन जाये। आगे जैसी ज़रूरत होगी, किया जावेगा। भण्डारे में अगर ज़रूरत हो जाये तो मुझ को भी बुला लेना। मेरी ताक़त तुम्हारे साथ है, इस का एहसास नहीं होता। क़रीब-क़रीब सब बुज़ुर्गों की निगाहें तुम पर घूम चुकी हैं। और भण्डारे का इन्तज़ार सब कर रहे हैं।

**S.V.** Chaitanya Maha Prabhu is before you. He is absorbed in you. It has the idea of merging. Feel that he is within you. You can ask anything if so required. When you take up his work, his dictates will run through you.

**चैतन्य महाप्रभु** : स्वामी विवेकानन्द जी ने जो कहा वो ठीक है। जब तुम आवाहन करोगे, मेरी ताक़त काम करना शुरु कर देगी। तुम्हारा जुनूबी हिन्द का सफ़र बहुत अच्छा रहा।

**हज़रत क़िब्ला** : बाबू मदन मोहन लाल ! काम बढ़ता चला जाता है। यह ज़रूर है कि मेरी कामयाबी का सब इन्तज़ार कर रहे हैं। मुझे इस की (RC) तन्दुरुस्ती का ज़्यादा ख़याल है। जहाँ तक हो सकता है, इस से काम कम लेता हूँ। और यह ही नहीं, बहुत से बुज़ुर्ग मेरे पास चले आरहे हैं। मक़सद सब का इन से काम लेने का है। मैं श्री कृष्ण को भी एक चीज़ बना देता, अगर इस तरफ़ रुख़ करते। और उस मुहब्बत का एवज़ दे देता जो उसने मुझ से ज़िन्दगी में की थी। अगर बाबू मदन मोहन लाल मुनासिब समझें तो यह नोट सिर्फ़ इतना उन को दिखला देवें। और कह देवें कि अरे तजुर्बा ही कर के देख ले। अगर हालत पसन्द न आवे तो मैं फिर उस को वापस ले लूँगा।

बाबू मदन मोहन, मैं फिर कहता हूँ कि ऐसा मौक़ा बार-बार नहीं आयेगा। यह ऐसा मौक़ा है कि जिस ने ज़रा भी मेरा साथ दिया, मैं ने उस का एवज़ सैंकड़ों गुना ज़्यादा दे दिया, और आयंदा दूंगा। मेरी आँख जब बदल गई, फिर इन से कुछ फ़ायदा न होगा। अभी वक़्त है। **वक़्त 5.53 PM** मैं इस वक़्त **श्री कृष्ण जी महाराज** के पास से आ रहा हूँ। उन की राय है कि तुम को हरद्वार में कुंभ पर भेजा जावे। लिहाज़ा यह बात टल नहीं सकती। भण्डारे से वापसी पर इरादा कर दो।

## 10-3-45

**हज़रत क़िब्ला** : मैं ने बहुत टाला कि यह **हरद्वार** न भेजा

जावे। आख़िर को यह ही तस्फ़िया हुवा और मुझ को भी मानना पड़ा कि ज़रूर भेजा जावे। **श्री कृष्ण जी महाराज** का यह ही हुक्म है। इस का इरादा **ऋषिकेश** में रहने का था मगर यह मुनासिब नहीं। इस को हरद्वार ही में रहना चाहिये। और वहाँ से कुल पर अपना कन्ट्रोल रखे। कुछ लोग ऐसे भी होंगे, क्योंकि फ़ुक़रा का भी जमघट है मगर फ़क़ीर शाज़ोनादर, कि अपनी सिद्धी शक्ति से काम लें। अगर तकलीफ़-देह हो तो शक्तियां सलब कर लेना। पिछले कुम्भ में जिस को एक अरसा हो गया, एक शख़्स आ गया था। जिस ने पब्लिक को दुःख दिया। अगर वो शख़्स फिर वही हरकत करे या करने पर आमादा हो तो उस को ज़रूर सलब कर लेना। **अब्दाल मथुरा** की ड्युटी तीन माह के लिये लगाई गई थी उस से एक महीने ज़्यादा काम लिया गया। कल रात जब वो मुख़ातिब हुवा तो उस से ड्युटी छुड़वा दी गई। उस ने ख़िदमत का सिला चाहा जो उस वक्त टाल दिया गया। आज बवक्त शाम उस को सिला दे दिया गया और अच्छा दिया गया। उस के मुक़ामात सुग़रा और कुबरा अच्छे तरीक़े से खोल दिये गये। सुग़रा उस का पहले से खुला था। अब्दाल हालत को समझ कर रो पड़ा, यानी वो हालत जो उस में पैवस्त की जा रही थी और कहा कि ज़िन्दगी इस क़दर हो गई मगर इस बात के लिये जो आज हासिल है, तड़पता ही रहा। उस ने अज़ख़ुद ख़ुश हो कर एक महीने के लिये और अपनी ड्युटी बढ़ा दी। पन्द्रह दिन का मैं इज़ाफ़ा कर दूँगा।

**S.V.** 8 PM I am now at Fatehgarh with your Guru. He (इन्स्पेक्टर साहब) is doing well. I will give you notes after Bhandara. I have kept a few persons for destruction.

## 12-3-45 वक्त 11.15 बजे दिन

**हज़रत क़िब्ला** : कोई वार कर रहा है। होशियार हो कर बैठो। अब कुछ नहीं। जिस शख़्स ने यह किया, उस में यह ताक़त ही नहीं। उसने ब्रह्मांण्ड की ताक़त को हरकत दे कर तुम्हारे दिमाग़ पर उतारना चाहा। यह अमल कहीं किताबों में बिरजू ने पढ़ा था। इस की वो क़ाबलियत ही नहीं रखते। फिर कोशिश की, मगर उन से होता ही नहीं। तुम्हें सजग (कर) गये हैं।

(नोट : हुक्म **हज़रत क़िब्ला** हुवा कि फ़ारस में एक मर्द-ख़ुदा दम तोड़ रहा है, रुजूअ हो जाओ। चुनाँचें तक़रीबन 5 मिनट तक रुजूअ रहा। जब दम तोड़ दिया तो तवज्जह बन्द कर दी। (RC) वक्त 11.30 दिन।

**S.V.** 9 PM = I am doing my work at Fatehgarh. I want to come to you but I can't leave the work.

**हज़रत क़िब्ला** : बाबू मदन मोहन लाल! इस वक्त अज़ीज़ रामचन्द्र ने कमाल कर दिया। मेरी ख़ुशी की इन्तहा न रही। स्वामी जी महाराज ने जब यह फ़रमाया कि मैं तुम को देखना चाहता हूँ, मगर काम नहीं छोड़ सकता। यह फ़ौरन वहाँ मौजूद हो गया और उन के पैरों पर अपना सिर रख दिया। कितने इख़्लाक़ की बात थी जो इस को फ़ौरन् सूझ गई। ऐसी मिसाल कम मिलेगी।

**S.V.** = I have not seen such an example anywhere. My

heart is leaping with joy to see such a soul of acute understanding. You (RC) have got such an instinct naturally. I have prepared notes for you. The work is coming. I am so glad with you that I will not keep a shell reserved; all will be transferred to you; what remains with me. Lord Krishna wants to come.

**श्री कृष्ण जी महाराज** : मैं ने तुम्हारे सतसंग की हालत इन दिनों ख़ुद देखी है। ऐसा ख़राब किया गया है, जिसकी मिसाल नहीं। ऐसे बुज़ुर्ग की मेहनत पर पानी डाला गया। इस ख़ता को ईशर भी मुआफ़ नहीं कर सकता। मैं ने अपना **चक्र** इस काम के लिये रख छोड़ा है। आख़िर में यह ही औज़ार होगा। अब मैं जा रहा हूँ और (श्री) राधा जी जो मेरे साथ हैं, तुम को दुआ दे कर कि मिशन में कामयाबी हो जाये, जा रही हैं।

**S.V.** Look here, a very big soul is before you. I mean Radhaji Herself. Her words can't go unobesainced.

**हज़रत क़िब्ला** : बाबू मदन मोहन लाल, इस वक्त बड़ी ख़ैरियत हो गई। **श्री कृष्ण जी महाराज** इन में (RC) लय होने के ख़याल से तशरीफ़ लाये थे। बाज़ बात इस की इस क़दर ख़ुशनुमा होती है कि ज़न्जीर की आख़िर कड़ी हिल जाती है। यह अभी का वाक़या जो मैं ने अज़ीज़ राम चन्द्र और स्वामी विवेकानन्द जी की निस्बत लिखाया था, अगर ग़ौर किया जाये तो मामूली वाक़या नहीं है। इस अक़्ल को विवेक बल्कि इस से ज़्यादा समझ सकते हैं । वाक़या यह है कि इस

के पास कुछ नहीं रहा। यह सब कुछ दे बैठा। यह ही वजह है कि ऐसी बातें ख़ुद बख़ुद सरज़द होती हैं। ख़ुदा करे कि मेरी आगे की आने वाली औलाद इस की नक़ल करे। और मौजूदा औलाद के लिये मैं अभी क्या कहूँ। जब वो वक़्त आवे तो उन से भी मैं यह ही कहूँगा। जो तुम से (मदन मोहन) कह रहा हूँ। बाबू मदन मोहन लाल! **यह बात इस से आगे आने वालों में दिखलाई नहीं देती।** इसी वजह से मैं यह चाहता हूँ कि यह कुल काम तकमील कर के जिस्म छोडे। यह ख़ुदादाद नेमत है जो वक़्त के लिहाज़ से उतरती रहती है। इस में हर शख़्स का हिस्सा नहीं। ...............(यह छुटी हुई इबारत confidential नोट में तहरीर है।)

अगर मैं इस शक्ति को ज़रा हरकत दे दूं तो मज़ा आकर रह जाये। मतलब भण्डारे से है। कोई मिनट मेरा ख़ाली नहीं जाता कि इन की निगरानी न करता हूँ और किसी हालत में उभरने नहीं देता बल्कि पस्पा रखता हूँ। बाबू मदन मोहन लाल! मैं फिर कहता हूँ कि यह शक्ति अब नहीं आ सकती।

## 13-3-45

**हज़रत क़िब्ला : जग्गू** की राय यह है कि एक दम से सब को सलब कर लिया जावे। इस में **मुथन्नी** भी शामिल है। इन्सपेक्टर साहब (लल्लू) को छोड़ता हूँ। यह काम आज रात में तुम दोनों करो।

